


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 15 अंक - 162 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 27 मार्च 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### बुजुर्गों को निर्वाचन आयोग ने दी राहत, घर बैठे डाल सकेंगे वोट

**रायपुर।** चुनावी लोकतंत्र में मतदाताओं की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है। लोकसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है। चुनाव प्रचार भी जोर-शोर से शुरू हो गया है। चुनाव आयोग शत-प्रतिशत मतदान के लिए दृढसंकल्पित है और इसके लिए कुछ कदम उठाए हैं। चुनाव आयोग ने इस बार लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को अपने घर से वोट डालने की सुविधा दी है। इससे वरिष्ठ नागरिकों को भीषण गर्मी से राहत मिलेगी।

आमतौर पर ट्रेंड यह रहा है कि वरिष्ठ नागरिक प्रक्रिया में भाग लेना चाहते हैं और बूथ तक जाना भी चाहते हैं लेकिन कई बार उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। चुनाव आयोग की सुविधा से अब वे अपने घर से ही मतदान कर सकेंगे। प्रदेश में कुल दो करोड़ पांच लाख 13 हजार 252 मतदाता हैं, जिसमें एक करोड़ एक लाख 80 हजार 405 पुरूष और एक करोड तीन लाख 32 हजार 115 महिलाएं हैं। कुल मतदाताओं में 85 वर्ष से अधिक उम्र के 82,476 मतदाता हैं।

100 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले 2,855 मतदाता हैं। एक लाख 91 हजार 638 दिव्यांग मतदाता है। किसी भी चुनाव में मतदान को लेकर जितना उत्साह युवाओं में रहता है, उतना ही बुजुर्गों में देखा जाता है। किस भी चुनाव में अक्सर तीन से चार पीढ़ियों को एकसाथ मतदान करते सहज ही देखा जाता है। यह बुजुर्गों का उत्साह ही रहता है कि स्वजन के साथ बूथों तक पहुंचने में गुरेज नहीं करते हैं। चुनाव आयोग की तरफसे भी बूथों पर बुजुर्गों को किसी प्रकार की परेशाना का सामना न करना पड़े, इसके लिए पहले से ही व्यवस्था रखी जाती है।

## ■ सरोज, भूपेश, ताम्रध्वज के बाद दुर्ग का एक और नेता बना लोकसभा उम्मीदवार

# दुर्ग जिले से चौथा सांसद प्रत्याशी

## ■ कांग्रेस ने भिलाईनगर विधायक देवेन्द्र यादव को बिलासपुर से उतारा

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

रायपुर। छत्तीसगढ़ ही नहीं, देश के इतिहास की संभवत: यह बिरली घटना हो कि किसी संसदीय चुनाव में एक ही जिले के 4 नेताओं को टिकट दी गई है। मंगलवार की मध्यरात्रि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के बाकी बचे 4 प्रत्याशियों का ऐलान किया। जिसमें भिलाई के विधायक देवेन्द्र यादव को बिलासपुर से प्रत्याशी बनाया गया है। इससे पहले दुर्ग जिले की सरोज पाण्डेय को भाजपा ने कोरबा से प्रत्याशी बनाया था। इसके बाद कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजनांदगांव और पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को महासमुंद संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किया। अब देवेन्द्र को बिलासपुर से टिकट दिए जाने के बाद जिले के कुल 4 नेता लोकसभा चुनाव में दमखम दिखाते नजर आएंगे। इनमें से सरोज पाण्डेय और ताम्रध्वज साहू पूर्व में दुर्ग से ही सांसद रह चुके हैं। सरोज राज्यसभा का भी प्रतिनिधित्व कर चुकीं हैं। उनका कार्यकाल पिछले महीने ही खत्म हुआ है। वहीं ताम्रध्वज साहू पिछला विधानसभा चुनाव हार गए थे। वर्तमान में भूपेश बघेल और देवेन्द्र यादव विधायक हैं।



### जीते तो दुर्ग जिले से होंगे 5 सांसद

दुर्ग जिले के सभी नेताओं को अलग-अलग संसदीय सीट से टिकट दी गई है। ऐसे में यदि सभी प्रत्याशी जीतते हैं तो दुर्ग जिले से कुल 5 सांसद हो जाएंगे। दुर्ग संसदीय सीट से भाजपा ने वर्तमान सांसद विजय बघेल को बरकरार रखा है, वहीं कांग्रेस ने जातीय और सामाजिक वोटों को देखते हुए राजेन्द्र साहू को प्रत्याशी बनाया है। राजेन्द्र साहू कांग्रेस के युवा और अनुभवी नेता हैं और पाटन में भूपेश बघेल के चुनाव की कमान संभालते रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकार के दौरान वे जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष थे। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के कई दिग्गज नेताओं ने इस बार ज्यादा सीटें जीतने का दावा किया है। पृथक राज्य बनने के बाद से अब तक कांग्रेस के खाते में महज 1 या 2 सीटें ही आती रही है। जिस तरह से जातीय और सामाजिक समीकरणों को देखते हुए कांग्रेस ने प्रत्याशी तय किए हैं, उससे जाहिर तौर पर नतीजे रोमांचक होने की संभावना है।

### ...इन 4 सीटों पर घोषित हुए प्रत्याशी

कांग्रेस ने सरगुजा, कांकेर, रायगढ़ और बिलासपुर की सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है। इनमें से सरगुजा सीट से भाजपा के चिंतामणि महाराज और कांग्रेस की शशि सिंह के बीच मुख्य मुकाबला होगा। वहीं कांकेर सीट से भाजपा के भोजराज नाग और कांग्रेस के बीरेश ठाकुर तो रायगढ़ सीट से भाजपा के राधेश्याम राठिया और कांग्रेस की डॉ. मेनका देवी सिंह आमने-सामने होंगे। बिलासपुर सीट से भाजपा के टोखन साहू और कांग्रेस के देवेंद्र सिंह यादव के बीच मुकाबला होगा। इस संसदीय चुनाव में 3 विधायक मैदान में थे। इनमें भूपेश बघेल, बृजमोहन अग्रवाल और कवासी लखमा शामिल थे। लेकिन अब देवेन्द्र यादव के रूप में चौथा विधायक भी लोकसभा चुनाव के मैदान में उतर गया है। जो भी विधायक संसदीय चुनाव जीतेगा, जाहिर है कि उस सीट पर उपचुनाव कराना होगा।

### जातीय समीकरणों का रखा ध्यान

प्रत्याशियों की घोषणा में भारतीय जनता पार्टी ने जहां जातीय समीकरणों को किनारे कर मोदी मैजिक पर भरोसा जताया है, वहीं कांग्रेस ने एक-एक सीट पर सामाजिक और जातीय समीकरण का ध्यान रखा है। महासमुंद में साहू समाज की बाहूल्यता को देखते हुए वहां से ताम्रध्वज साहू को उतारा गया है तो राजनांदगांव में पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या को देखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मैदान में हैं। देवेन्द्र यादव को बिलासपुर से इसी जातीय समीकरण के चलते टिकट दी गई है। हालांकि इस सीट से देवेन्द्र का नाम काफी समय से चल रहा था, लेकिन कई कारणों से उनकी टिकट पचड़े में पड़ती हुई भी नजर आई थी। कांग्रेस ने तमाम कारणों को किनारे लगाकर देवेन्द्र पर भरोसा जताया है। यह ऐसे समय में हुआ है, जबकि उन पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है।

राज्य की सभी 11 सीटों पर मुख्य रूप से भाजपा व कांग्रेस के बीच ही मुकाबला होता आया है। हालांकि एक-दो सीटों के नतीजों को दूसरे दल प्रभावित जरूर करते हैं, लेकिन स्वयं नतीजे हासिल करने की स्थिति में नहीं है। कांग्रेस द्वारा मध्यरात्रि 4 प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद सभी 11 सीटों पर चुनावी तस्वीर साफ हो गई है। भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव को बिलासपुर से प्रत्याशी बनाया गया है। उनका सीधा मुकाबला भाजपा के टोखन साहू से होगा। यह सीट जातीय समीकरणों से प्रभावित है, इसीलिए दोनों दलों ने पिछड़ा वर्ग को तरजीह दी है। सरगुजा से शशि सिंह कांग्रेस के उम्मीदवार होंगे। उनका मुकाबला भाजपा के चिंतामणि महाराज से होगा। वहीं कांकेर से बीरेश ठाकुर को प्रत्याशी बनाया गया है। ठाकुर सीधे तौर पर भाजपा के भोजराज नाग से भिड़ेंगे। रायगढ़ से डॉ. मेनका देवी सिंह कांग्रेस की उम्मीदवार होंगी। उनका मुकाबला भाजपा के राधेश्याम राठिया से होगा। इससे पहले कांग्रेस ने पहले 5 और फिर 1 सीट पर प्रत्याशी घोषित किए थे। इकलौती सीट बस्तर से पूर्व मंत्री कवासी लखमा को उम्मीदवार बनाया गया है।

### पिछली सरकार में रहा दुर्ग का जलवा


पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में दुर्ग जिले का खासा जलवा रहा है। तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दुर्ग जिले से थे तो गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू भी दुर्ग ग्रामीण सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। पीएचई मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने भी दुर्ग की अहिवारा सीट से चुनाव जीता था। दुर्ग शहर से विधायक अरुण वोरा को कैबिनेट मंत्री का दर्जा देते हुए वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के चेयरमैन बनाया गया था। इस तरह छत्तीसगढ़ की सरकार काफी हद तक दुर्ग जिले से ही चलती थी। हालिया सम्पन्न विधानसभा चुनाव में गुरू रूद्रकुमार ने अहिवारा की बजाय नवागढ़ से चुनाव लड़ा और बुरी तरह पराजित हुए तो दुर्ग शहर सीट से अरुण वोरा को पराजय का मुंह देखना पड़ा। पिछली सरकार में नंबर 2 रहे ताम्रध्वज साहू की हार ने राजनीतिक विश्लेषकों को भी चौंकाया, लेकिन छत्तीसगढ़ में गृहमंत्री के चुनाव हारने का रिकार्ड इस बार भी बरकरार रहा। छत्तीसगढ़ की 6 में से सिर्फ 2 सीटों पर कांग्रेस को जीत मिली। वर्तमान में यही दोनों विधायक सांसद का चुनाव भी लड़ते नजर आ रहे हैं।

## बीजापुर में नक्सलियों से जोरदार मुठभेड़, 6 ढेर

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित बासागुड़ा थाना क्षेत्र के पोलमपल्ली क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ में 6 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। पुलिस की ओर से सघन सर्चिंग अभियान जारी है। मुठभेड़ सुबह लगभग 7-8 बजे के बीच हुई। बासागुड़ा से सीआरपीएफ, डीआरजी और कोबरा बटालियन के द्वारा नक्सलियों के पोलमपल्ली क्षेत्र में आमद के सूचना पर पुलिस बल रवाना हुआ था।

जानकारी के अनुसार पुलिस को देख नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों द्वारा ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। जानकारी के अनुसार मुठभेड़ खत्म होने के बाद क्षेत्र की सर्चिंग करने पर छह नक्सलियों के शव बरामद हुए है। घटनास्थल व इसके आसपास



पुलिस द्वारा सर्चिंग अभियान जारी है। पुलिस अभी घटनास्थल से वापस नहीं लौटी है। बीजापुर पुलिस अधीक्षक ने इस मुठभेड़ की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की है।

### होली पर की थी 3 ग्रामीणों की हत्या

होली के दिन नक्सलियों ने राहत शिविर में रहने वाले 3 ग्रामीणों को बासागुड़ा के कलार पारा में धारदार हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। तीनों ग्रामीण पोलमपल्ली, मारुडबाका के रहने वाले थे। नक्सली फरमान के चलते ये ग्रामीण 4 दिन पहले गांव छोड़कर बासागुड़ा राहत शिविर में रहते थे। होली के दिन नदी उस पार इन ग्रामीण युवकों को नक्सली ने सुनियोजित तरीके से अपने जाल में फंसाकर अचानक कुल्हाड़ी, चाकू से हमला कर गला रेत दिया था। सूत्रों ने बताया कि ये ग्रामीण कभी नदी उस पार नही जाते थे लेकिन होली खेलने के बहाने इनको बुलाया गया।

## स्कूल पहुंचते ही देने लगा गाली, छात्रों ने फेंके जूते-चप्पल

### शिक्षा विभाग ने नशेड़ी टीचर को किया सस्पेंड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बस्तर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में एक टीचर को शराब पीकर स्कूल पहुंचना भारी पड़ गया। बच्चों ने जूते-चप्पल फेंककर नशेड़ी टीचर को स्कूल से भागने पर मजबूर कर दिया। बच्चों ने ह कदम रोज-रोज की आदत से परेशान होकर उठाया। किसी ने इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। वीडियो के वायरल होने के बाद व्यापक आक्रोश फैल गया है। बताया जा रहा है कि यह मामला बस्तर के पलीभाटा गांव के प्राथमिक स्कूल का है।



टीचर शराब के नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचा और पढ़ाने के बजाय छात्रों को गालियां देने लगा। उसके व्यवहार से तंग आकर आकर छात्रों ने उसकी पिटाई कर दी, जिससे टीचर को स्कूल परिसर से भागने पर मजबूर होना पड़ा। टीचर को छात्रों से ऐसे रिएक्शन की उम्मीद नहीं थी। स्थिति से बचने की कोशिश में, टीचर ने तेजी से अपनी बाइक स्टार्ट की और स्कूल से दूर भाग गया। हालांकि इस दौरान भी छात्रों ने उसका पीछा करना जारी रखा और उसकी डायरेक्शन में चप्पल फेंकीं।

बताया जा रहा है कि यह घटना पिछले हफ्ते की है। पास खड़े किसी शख्स ने स्टूडेंट और टीचर की इस घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। ऑनलाइन पोस्ट किए जाने के बाद से, वीडियो को 22 हजार से अधिक बार देखा जा चुका है। वीडियो में दिख रहा टीचर रोजाना नशे में धुत होकर स्कूल आने के लिए मशहूर है। बच्चों को पढ़ाने के बजाय, वह अक्सर दरी पर सोते हुए मिलता है। वह छात्रो की उन्हें पढ़ाने की अपील को नजरअंदाज करता रहता है।

टीचर की इसी उपेक्षा से परेशान छात्रों ने उसपर चप्पल फेंक दी। वायरल वीडियो शिक्षा विभाग के अधिकारियों तक भी पहुंचा। उन्होंने इसपर एक्शन लेते हुए नशेड़ी टीचर को सस्पेंड कर दिया है। बच्चों का कहना है कि पढ़ाई के लिए कहने पर उन्हें गालियां सुननी पड़ती थी। टीचर के व्यवहार से वह सभी नाराज थे। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कमेटी गठित की गई। जांच रिपोर्ट मिलने पर नशेड़ी टीचर को सस्पेंड कर दिया गया।

## 3 दिन में 43 करोड़ की शराब गटक गए छत्तीसगढ़िया

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में होली के त्योहार के दौरान शराब प्रेमियों ने एक बार फिर रिकार्ड बनाया है। होली के अवसर पर छत्तीसगढ़ में मदिरा प्रेमियों ने जमकर जाम छलकाते हुए तीन दिनों में करोड़ों रुपए की देशी-विदेशी शराब की पी है। छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, होलिका दहन के दिन एक ही दिन में सबसे ज्यादा शराब की बिक्री हुई है।

होली के उत्सव में जहां एक तरफ लोग रंग और गुलाल से जश्न मना रहे थे तो वहीं दूसरी तरफ एक वर्ग ऐसा भी है किसने रंग गुलाल के साथ-साथ जमकर शराब उड़ते हुए होली का त्यौहार मनाया। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ एक बार फिर होली के त्यौहार के वक्त शराब की बिक्री में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। सिर्फ होली के दौरान महज तीन दिनों के भीतर प्रदेश में लोगों के द्वारा 43 करोड रुपए की देशी और विदेशी शराब खरीदी गई है। सिर्फ तीन दिन के भीतर छत्तीसगढ़ के लोगों ने 43 करोड रुपए की शराब पीकर खत्म कर दी है। इसमें हैरान करने वाली बात यह भी है इन तीन दिनों में जिस दिन सबसे ज्यादा शराब खरीदी गई है वह होली के त्यौहार के ठीक 1 दिन



पहले, यानी होलिका दहन के दिन प्रदेश के लोगों ने 20 करोड़ की शराब खरीदी।

### होली के दिन बंद थी दुकानें

होली के त्यौहार को देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने होली के दिन 25 मार्च को प्रदेश की सभी शराब दुकानों को बंद करने का निर्णय लिया था। सरकार ने जिसे लेकर जिले के सभी कलेक्टर और आबकारी विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश भी जारी कर दिए थे। होली के दिन किसी प्रकार से लोग सड़कों पर शराब पीकर न घूमें ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस बल की चप्पे-चप्पे पर तैनाती की गई थी। भले ही प्रशासन ने होली के त्यौहार के दिन शराब दुकानों और बार पर ताले लगवा दिए थे, वहीं दूसरी तरफशराब प्रेमियों ने अपने जश्न की व्यवस्था पहले से ही कर रखी थी। यही कारण था कि छत्तीसगढ़ में होली के त्यौहार के वक्त 43 करोड रुपए की शराब की बिक्री हुई है।

## जब बचे यही एक विकल्प...

श्रीकंचनपथ




एक मजदूर गंदी-गंदी गालियां बक रहा था. वह रास्ते पर पड़े पत्थर उठाता और उसे उस विशाल गेट की तरफ फेंकता जिसके पीछे बहुत दूर एक सफेद रंग का बंगला दिखाई दे रहा था। गुस्से में उसकी सांसे फूली हुई थीं और शरीर कांप रहा था। उसकी खाली रेहड़ी खुद ही लुढ़कती हुई उससे दूर जा रही थी। चीखते-चीखते जब उसका गला सूख गया तो वह धप से वहीं बैठ गया। सिर पर रखी गमछे की गोल पगड़ी को निकालकर हाथ में ले लिया और उसे यूं मीसने लगा, मानो उसका गला घोंट रहा हो। कुछ देर बाद वह उठा और बंद गेट की तरफ थूककर आगे निकल गया। गरीब असहाय आदमी का आक्रोश इसी तरह अभिव्यक्त होता है। वह विशाल गेट के पीछे के बंगले में रहने वाले उस आदमी का कुछ भी नहीं बिगाड़ पाता। वो आदमी जो अभी-अभी उसकी मेहनत के पैसे में डंडी मारकर भीतर चला गया है। उसे पता है कि देश में कोई ऐसा कानून या एजेंसी नहीं है जो मजदूरी के पैसे दिला सके। वैसे ज्यादा फर्क नहीं है उस मजदूर की लाचारी में और कथित संभ्रांत लोगों में। सभी किसी न किसी के आगे नतमस्तक हैं। इन सबके ऊपर सरकार है। केवल सरकार ही है जो जनता का खौफ खाती है। उसे पता है कि इस जनता के पास एक ऐसा हथियार है जो उसे कभी भी नेस्तनाबूद कर सकती है। इसलिए अब जनता से उसका यह अंतिम हथियार भी छीनने की कोशिशें हो रही हैं। न रहेगा बांस, न बजेगी बांसुरी। देश तेजी से विपक्ष विहीन राजनीति की तरफ बढ़ रहा है। इसके लिए उसी हथियार का उपयोग किया जा रहा है जिसे राजनीति में अफीम कहा जाता है। देश में लोकसभा चुनावों का माहौल है। पर जिस जनता के लिए यह पूरी कवायद हो रही है वह या तो आईपीएल देखने में मस्त है या फिर मूर्तियों के आगे आंसू बहा रहा है। उसे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि देश की राजनीति किस दिशा में जा रही है। तमाम सरकारी मशीनरी केवल उन्हीं राज्यों में क्यों लगी हुई है जहां विपक्षी दलों की सरकारें हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को नि:शुल्क अनाज दिया गया। यह योजना आगामी पांच वर्षों तक जारी रहेगी। वैसे देश में बीपीएल कार्ड धारकों की संख्या मात्र 6.52 करोड़ है। वर्ल्ड इनइक्वालिटी लैब की रिपोर्ट के मुताबिक देश के सबसे अमीर एक फीसदी लोगों के पास देश की कुल संपत्ति का 40.1 फीसदी हिस्सा है। कुल आय में भी इनकी हिस्सेदारी 22.6 फीसदी है। आजादी के समय देश की आय में 10 फीसदी सबसे अमीर लोगों का हिस्सा 40 फीसदी था जो 1982 में घटकर 30 फीसदी पर आ गया। 2022 में यह बढ़कर 60 फीसदी हो गया। 2022-23 में देश के निचले 50 फीसदी लोगों के पास राष्ट्रीय संपत्ति का केवल 15 फीसदी बचा था।



## संपादकीय

### जेल से सरकार

कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्थापित परंपरा से अलग जाते हुए जेल से सरकार चलाने का जो फैसला किया है, उसने एक नए विवाद और नए विमर्श को जन्म दिया है। विवाद इसलिए कि पूर्व में जब भी ऐसी परिस्थिति पैदा हुई, तो संबंधित मुख्यमंत्री ने हिरासत में लिए जाने से पहले अपना त्यागपत्र सौंप दिया। उन मुख्यमंत्रियों के इस्तीफे राजनीतिक शुचिता और सांविधानिक गरिमा की रक्षा के नैतिक दबाव से प्रेरित रहे। मगर, केजरीवाल के रुख ने विरोधियों को उन पर हमले का मौका मुहैया करा दिया है। उनका आरोप है कि मुख्यमंत्री पूछताछ के लिए ईडी की हिरासत में हैं, तो उनके पास लेखन सामग्री कहां से आई कि वह अपने मंत्रियों को निर्देश जारी कर रहे हैं? अब उन्होंने इस मामले की जांच कराने की मांग कर डाली है। जाहिर है, आम चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, केजरीवाल और उनकी पार्टी के मौजूदा रुख के पीछे जहां दिल्ली व देश के मतदाताओं तक यह पैगाम पहुंचाना है कि सलाखों के पीछे भी आपके हितों के लिए मुख्यमंत्री सक्रिय हैं, तो वहीं भाजपा व एनडीए का पूरा प्रयास उनके इस कदम को अनैतिक ठहराने का है।

> राजनीतिक आरोपों-प्रत्यारोपों से परे इस प्रकरण ने देश और समाज के आगे विमर्श का एक गंभीर मुद्दा पेश किया है, क्योंकि संविधान इस संदर्भ में मौन है। संविधान यही कहता है कि मंत्रियों की एक परिषद होगी, जो शासन संबंधी फैसले लिया करेगी और मंत्रिपरिषद का मुखिया मुख्यमंत्री होगा।

राजनीतिक आरोपों-प्रत्यारोपों से परे इस प्रकरण ने देश और समाज के आगे विमर्श का एक गंभीर मुद्दा पेश किया है, क्योंकि संविधान इस संदर्भ में मौन है। संविधान यही कहता है कि मंत्रियों की एक परिषद होगी, जो शासन संबंधी फैसले लिया करेगी और मंत्रिपरिषद का मुखिया मुख्यमंत्री होगा। मंत्रिपरिषद की बैठक की सदारत के लिए मुख्यमंत्री की उपस्थिति की भी बाध्यता नहीं है, काबीना का वरिष्ठतम मंत्री यह दायित्व निभा सकता है। ऐसे में, सरकार के दैनंदिन कार्यों में फौरी तौर पर कोई खास व्यवधान नहीं आने वाला। फिर जेल मैनुअल भी विचाराधीन कैदियों को सप्ताह में एक दिन मुलाकात का मौका देता है और यह भी प्रावधान है कि सभी कैदी पंद्रह दिनों में एक बार अपने रिश्तेदारों, साथियों, कानूनी सलाहकारों को पत्र लिख सकते हैं। ऐसे में, यह सवाल स्वाभाविक है कि यदि यह मामला लंबा खिंचता है, तो क्या इस विधानसभा के शेष कार्यकाल में दिल्ली सरकार जेल से चलेगी?

निस्संदेह, केंद्र अभी इस स्थिति को लेकर कोई नीतिगत फैसला नहीं कर सकता, क्योंकि आम चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मगर इस कथित घोटाले में जांच एजेंसियों की दक्षता को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। कई लोग पूछ रहे हैं कि इतने महीनों बाद भी इस मामले में ट्रायल क्यों नहीं शुरू हुआ? नैतिकता का कोई सवाल एकांगी नहीं होता। किसी अन्य से नैतिकता की अपेक्षा करते हुए खुद भी मजबूत नैतिक धरातल पर खड़े रहना पड़ता है, वरना उसका कोई मूल्य नहीं रह जाता। दुर्योग से पिछले कुछ समय से हमारे समूचे राजनीतिक माहौल में जिस एक चीज का सबसे अधिक ह्रास हुआ है, वह नैतिकता ही है। इसलिए अगली संसद से यह अपेक्षा की जाएगी कि वह ऐसे मसलों पर वैधानिक स्थिति को स्पष्ट करे। ऐसे गंभीर मसलों में, जिसमें किसी गिरफ्तारी से एक निर्वाचित सरकार का कामकाज आंशिक रूप से भी प्रभावित हो, जांच एजेंसियों की जिम्मेदारी भी तय की जानी चाहिए। इससे न सिर्फ उनकी निष्पक्षता मजबूत होगी, बल्कि प्रतिशोध की राजनीति के लिए गुंजाइश भी कम होगी। इस विमर्श को एक वैधानिक अंजाम तक ले जाने के लिए नई संसद में पक्ष-प्रतिपक्ष को एकराय होना होगा।

## अरविंद और आप का संकट

> सवाल उठता है, कामयाब आंदोलन और सफल सियासत के बावजूद उनका यह सफर कारागार के सीखचों के पीछे कैसे जा पहुंचा? क्या महंगी चुनाव व्यवस्था इसकी वजह है, जहां हर पार्टी को ज्ञात-अज्ञात स्रोतों से आर्थिक मदद...

शशि शेखर

अपना 77वां वसंत जी रहे आजाद भारत में यह आम चुनाव नई रंगत लिए होगा। ऐसा पहली बार होगा, जब दो मुख्यमंत्री, एक उप-मुख्यमंत्री, सांसद और मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में सलाखों के पीछे होंगे। इनके अलावा दर्जनों ऐसे हैं, जो या तो जेल काट चुके हैं, या जाने की तैयारी में हैं। यह भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वायदाशुदा नीति का नतीजा है, या फिर प्रतिपक्ष को कमजोर करने की रणनीति? वैचारिक तौर पर विभाजित वैश्विक समाज में ऐसे सवालों के उत्तर देना आसान नहीं, क्योंकि लोगों ने सत्य की श्वेत-श्याम छवि को अपने पसंदीदा रंगों के चश्मों से देखना शुरू कर दिया है। यही वजह है कि किसी ऐसे मामले की जांच के लिए घटनाओं को परत-दर-परत जांचना जरूरी है।

आम आदमी पार्टी से शुरू करते हैं। पिछले दशक के प्रारंभिक वर्षों में अरविंद केजरीवाल सत्य के 'योद्धा' के तौर पर उभरे थे। उन्होंने भारतीय राजस्व सेवा की चमक-दमक वाली नौकरी छोड़कर एनजीओ और आरटीआई के जरिये आसपास बिखरी बुराइयों से जूझने का संकल्प किया था। अन्ना के आंदोलन ने उन्हें नए अवसर और नई ऊंचाई प्रदान की थी। वह उनके मंच से जब अपनी अति साधारण आवाज में गाते- इंसान का इंसान से हो भाईचारा, यही पैगाम हमारा, तब राजनीतिक भ्रष्टाचार और कदाचार से ऊबे हुए लोग उन पर रीझ-रीझ जाते। उन दिनों वह और उनके साथी कहते थे कि हमें राजनीति से मतलब नहीं है। हम तो सिर्फ सच्चाई, भाईचारे, और इंसाफके लिए लड़ रहे हैं। उनके प्रशंसक उस वक्त आश्चर्यचकित रह गए, जब केजरीवाल ने राजनीतिक पार्टी बनाने की घोषणा कर डाली।

आम आदमी पार्टी की स्थापना के वक्त उनका तर्क था कि सियासत के सागर में उतरे बिना उसे साफ करना संभव नहीं। राजनीति की शुरुआत भी उन्होंने गैर-पारंपरिक तरीके से की। वह कभी ऑटो रिक्शा वालों के बीच जा बैठते, तो कभी मेहनतकशों के किसी और वर्ग की ओर रुख कर लेते। हालांकि, पहले चुनाव के बाद सत्ता के लिए उन्होंने उसी कांग्रेस का सहारा ले लिया, जिस पर वह कल तक भ्रष्टाचार के बेहद तीखे आरोप लगाते थे। आम आदमी पार्टी यह चुनाव भी कांग्रेस के साथ लड़ने जा रही है। इस दौरान उनके कुछ पुराने साथियों को उनकी कथनी और करनी में भेद नजर आने लगा। कई शुरुआती साथियों ने या तो पार्टी छोड़ दी या वे बाहर कर दिए गए, लेकिन केजरीवाल अपने रास्ते पर बढ़ते रहे। उनमें निर्बल और निम्न मध्यमवर्गीय मतदाताओं को समझने की अद्भुत क्षमता है। बिजली और पानी के बिलों में रियायत देकर आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के लोगों का दिल जीता। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बेहतर काम किया। दिल्ली की जनता ने भी लगातार दो चुनावों में जबरदस्त बहुमत देकर उनकी हौसला अफजाई की। उन्होंने पंजाब में सरकार बनाने में कामयाबी हासिल की और गुजरात विधानसभा के चुनावों में 12.92 प्रतिशत मत पाकर राष्ट्रीय राजनीतिक दल का दर्जा भी हासिल कर लिया।

सवाल उठता है, कामयाब आंदोलन और सफल सियासत के बावजूद उनका यह सफर कारागार के सीखचों के पीछे कैसे जा पहुंचा? क्या महंगी चुनाव व्यवस्था इसकी वजह है, जहां हर पार्टी को ज्ञात-अज्ञात स्रोतों से आर्थिक मदद की दरकार होती है? अगर ऐसा है, तो फिर उनमें और औरों में क्या फर्क रह जाता है?


वह जिस तथाकथित आबकारी घोटाले में गिरफ्तार किए गए हैं, वह भी आश्चर्यजनक है। उन्होंने अपने साथियों के साथ अनोखी आबकारी नीति का निर्माण किया था। इसके तहत दिल्ली में अंग्रेजी शराब बेहद सस्ती हो गई थी। क्या कमाल है? एक तरफ नीतीश कुमार बिहार में शराबबंदी करके हुकूमत बचा रहे थे, तो दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी सुरा की नई रसधार बहाकर लोकप्रियता तलाश रही थी। इसी बीच आम आदमी पार्टी में पुराने आंदोलनकारियों की जगह नए चेहरे लेने लगे थे। विजय नायर उनमें से एक थे। वह पता नहीं कहां से आए और मीडिया सेल के प्रभारी बना दिए गए। उनके तौर-तरीके पार्टी की अब तक की रवायत से बिल्कुल अलग थे। नई शराब नीति में उनका भी दखल था। वह केजरीवाल के पहले ऐसे लेफ्टिनेंट थे, जो गिरफ्तार किए गए। बाद में उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और रा'यसभा के सदस्य संजय सिंह भी इसकी लपेट में आ गए। अब केजरीवाल की गिरफ्तारी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आम आदमी पार्टी का दावा है कि हमारे नेताओं को कोई 'मनी ट्रेल' न मिलने के बावजूद जेल भेजा गया, पर उन्हें अब तक अदालतों से कोई राहत नहीं मिल सकी है।

नई लीक गढ़ने के अभ्यस्त अरविंद ने इस बार भी अपना अलग रास्ता चुना है। अतीत में कई राजनेता मुख्यमंत्री या अन्य पदों पर रहते हुए भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे, मगर गिरफ्तारी से पूर्व सभी ने त्यागपत्र दे दिया। झारखंड के हेमंत सोरेन इसका नवीनतम उदाहरण हैं, पर केजरीवाल के साथियों ने उनके इस्तीफा न देने की घोषणा की है। सवाल उठता है कि क्या जेल से शासन चलाया जा सकता है? संविधान इस मसले पर चुप है, लेकिन 'जेल मैनुअल' के प्रावधान इसमें अड़चनकारी साबित होने जा रहे हैं। यह संभव नहीं है कि 'सिविल सर्विसेज' का इम्तिहान पास कर चुके अरविंद केजरीवाल इस तथ्य को नहीं जानते। क्या वह इस आपदा में कोई अवसर खोज रहे हैं? राजनीतिक हलकों में कयास उभर रहे हैं कि कहीं केजरीवाल और हेमंत के पक्ष में सहानुभूति की लहर तो नहीं उमड़ पड़ेगी? ऐसे लोगों का तर्क है कि सिर्फवही लोग गिरफ्तार होते हैं, जो भाजपा के विरोध में होते हैं। यह पार्टी नहीं 'वाशिंग मशीन' है। क्या यह नया ट्रेंड है? यकीनन नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने जब सीबीआई को 'तोता' कहा था, तब किसकी सत्ता थी? यहां एक और सवाल उठता है। आम आदमी पार्टी का ढांचा अभी तक परिपक्व दलों की भांति नहीं उभर सका है। इसके कार्यकर्ता अभी भी वॉलंटियर की तरह काम करते हैं। केजरीवाल और सिसोदिया के जेल जाने के बाद ऐसा कोई चेहरा नहीं दीखता, जो समूची पार्टी को एकजुट रख सके। झारखंड में हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद उनकी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा समान संकट से जूझ रही है। हेमंत की भाभी सीता सोरेन ने भाजपा की शरण ले ली है। अगर हेमंत सोरेन लंबे समय तक जेल में रहे, तो उनका परिवार पार्टी पर पकड़ कैसे कायम रख सकेगा? आम चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और ऐसे में भाजपा व कांग्रेस, दोनों चाहेंगी कि आंदोलन के गर्भ से उपजे ये दल विवादों की दलदल में गहरे फंस जाएं। वे जानती हैं, बाजार लुटने पर तमाशबीन सर्वाधिक फायदा उठाते हैं।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## दुनिया में अपनी जिम्मेदारियों से पीछे हटते पश्चिमी देश

नितिन पई, निदेशक, तक्षशिला इंस्टीट्यूशन



वर्ष 416 ईसा पूर्व की गरमियों में एक एथेनियन नौसैनिक बेड़ा मेलोस द्वीप पर आया और मांग की कि वहां लोग गुलामी के लिए पेश हो जाएं। मेलोस द्वीप के लोगों ने तर्क दिया कि वे तटस्थ रहना चाहते हैं, इसलिए बड़ी शक्तियों के लिए यह सही होगा कि उन्हें अकेला छोड़ दिया जाए। इस तर्क पर एथेनियन प्रतिक्रिया विश्व इतिहास की प्रसिद्ध पंक्तियों में से एक है, 'आप भी समझते हैं और हम भी समझते हैं कि न्याय के बारे में कोई भी फैसला सिर्फ उन लोगों के बीच प्रासंगिक है, जिनके पास फैसला लागू करने की ताकत है। ताकतवर जो करते हैं, उसे कमजोर लोग स्वीकार करते हैं।' इसी बात को प्रभावशाली ढंग से लेखक रिचर्ड क्रॉले ने भी हिस्ट्री ऑफ द पेलोपोनेसियन वार में कहा कि ताकतवर लोग वही करते हैं, जो वे कर सकते हैं और कमजोर लोग वही सहते हैं, जो उन्हें सहन करना चाहिए।'

हम इस बात को आज अनेक वैश्विक मामलों में देख रहे हैं कि अमेरिका, चीन और रूस द्वारा किए गए हस्तक्षेप या प्रहारों के चलते नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था चरमरा रही है। पिछले दिनों मुझे नोबेल विजेता एंगस डिएटन का चिंतनपरक लेख पढ़कर एथेनियन कथन की याद हो आई। साल 2015 में नोबेल जीतने वाले एंगस ने पिछले 30 वर्षों में वैश्वीकरण व आप्रवासन के आर्थिक फायदों को नामंजूर कर दिया है। इस निष्कर्ष से अधिक चिंताजनक उनका यह दावा है कि संकटग्रस्त लोगों की मदद करना निश्चित रूप से हमारा कर्तव्य है, पर हमारे साथी नागरिकों के प्रति हमारा अतिरिक्त दायित्व भी है, जो दूसरों के प्रति नहीं है। दूसरे शब्दों में, प्रख्यात अर्थशास्त्री बता रहे हैं कि अमीर देशों के लिए दुनिया के गरीबों के हितों की तुलना में अपने नागरिकों के हितों को प्राथमिकता देना नैतिक है। यदि आप नहीं जानते कि डिएटन एक वामपंथी हैं, तो आप यही मानेंगे कि यह तर्क पश्चिम में किसी दक्षिणपंथी की ओर से आया है।

मुक्त व्यापार व नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था से पश्चिमी देशों का पीछे हटते जाना दुनिया के लिए अशुभ है। बर्लिन की दीवार के गिरने के बाद से बहुपक्षवाद और अंतरराष्ट्रीय कानून के लिए पश्चिमी देशों की प्राथमिकता अपने हितों को ध्यान में रखते हुए ही तय हुई है। फिर भी, शायद एक दशक पहले तक यह धारणा थी कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति और अर्थशास्त्र के जटिल मुद्दों को अंतरराष्ट्रीय कानूनों और संस्थानों के माध्यम से हल किया जा सकता है, पर अब ऐसा नहीं है। विश्व व्यापार संगठन निष्क्रिय है, क्योंकि अमेरिका ने इसका दम घोंट दिया है। संयुक्त राष्ट्र की भूमिका घट गई है, क्योंकि पश्चिम ने इसकी बारीकियों की परवाह करना बंद कर दिया है। रूस व चीन इस स्थिति में अपने योगदान से बच नहीं सकते, हालांकि किसी भी देश ने नियम-आधारित व्यवस्था को बढ़ावा देने का दावा नहीं किया है।

मुझे नहीं लगता कि पश्चिमी व्यवहार का यह चलन निकट भविष्य में बदलेगा। कुल मिलाकर, दक्षिणपंथी और वामपंथी, दोनों का नतीजा समान है : व्यापार, आव्रजन पर प्रतिबंध और अंतरराष्ट्रीय कानूनों की उपेक्षा। बाकी देश पश्चिमी देशों का व्यवहार देख रहे हैं और उसके अनुरूप आचरण के लिए बाध्य हैं।

सबसे बड़ा सवाल जलवायु परिवर्तन को लेकर है। क्या होगा, अगर पश्चिम जलवायु संबंधी प्रतिबद्धताओं से मुकर जाए? ऐसा पहले भी हो चुका है। उदाहरण के लिए, अमेरिका का डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन 2017 में पेरिस समझौते से पीछे हट गया था। यूरोपीय संघ का दृष्टिकोण नतीजों की परवाह किए बिना अन्य देशों पर बोझ डालना है। दुनिया की सरकारों और उद्योगों को अमेरिका व यूरोप, दोनों से जूझना पड़ रहा है। दुर्भाग्य से, मैं नहीं देखता कि पश्चिमी देशों की राजनीति ऐसे नेताओं को सामने ला सकती है, जो अंतरराष्ट्रीयता को फिर से जीवंत कर सकेंगे।

खैर, मेलोस के लोगों की कहानी पूरी कर दूं। पांचवीं शताब्दी ईसा पूर्व में कुछ वार्ताओं के बाद एथेनियाई लोगों ने मेलोस पर कब्जा कर लिया। आबादी को दीवारों में बंद कर दिया और खाद्य आपूर्ति रोक दी गई। मेलोस वासियों ने कुछ दिन तक विरोध किया। अगले वर्ष अपने 500 लोगों को वहां भेजने से पहले एथेनियाई लोगों ने हमला बोल दिया, सभी मर्दों को मार डाला और महिलाओं, बच्चों को गुलाम बना लिया।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

### हद में रहें ओटीटी प्लेटफार्म

आपत्तिजनक कंटेंट को लेकर सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। लगातार चेतावनियों के बावजूद अश्लील सामग्री दिखाने पर अठारह ओटीटी प्लेटफार्म्स को बैन कर दिया है। यह कदम सूचना व प्रसारण मंत्रालय द्वारा उठाया गया। इसके साथ ही उन्नीस वेबसाइट्स, दस एप व 57 सोशल मीडिया हैंडल्स को भी ब्लॉक किया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, इन प्लेटफॉर्म्स को रचनात्मक अभिव्यक्ति के नाम पर अश्लीलता फैलाने के लिए चेतावनी दी गई थी, जिसे लेकर सरकार ने कड़ी कार्रवाई करते हुए अंततः देश भर में पाबंदी लगा दी। इस कार्रवाई के तहत फेसबुक पर 12, इंस्टाग्राम पर 17, एक्स पर 16 अकाउंट समेत यूट्यूब के 12 अकाउंट्स पर भी पाबंदी लगाई गई है।

दुनिया भर की सरकारें अपने यहां समय-समय पर इंटरनेट पर सख्ती करती रहती हैं। चीन, उत्तर कोरिया, ईरान, तुर्किए जैसे देशों में फेसबुक, ट्वीटर तथा यूटयूब जैसे प्लेटफॉर्म्स पर पाबंदियां लगाने के लिए बुरी तरह बदनाम हैं। कुछ समय पहले भी भारत सरकार द्वारा 58 मोबाइल एप्स पर भी पाबंदी लगाई जा चुकी है। यह सच है कि स्क्रीन पर अश्लील कंटेट की बहुतायत है।

## विश्व शांति और महिलाधिकार

> बढ़ती हिंसा और बढ़ते डिजिटल लिंग विभाजन के कारण महिलाओं के अधिकार खतरे में हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतरेस ने महिलाओं के अधिकारों की रक्षा की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हुए यह कहा।

दुनिया भर में महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा के लिए समर्पित महत्त्वपूर्ण प्लेटफॉर्म, महिलाओं की स्थिति पर आयोग (सीएसडब्ल्यू) के उद्घाटन अवसर पर गुतरेस ने महिलाओं पर युद्धों के असंगत प्रभाव की भी बात की।

उन्होंने तत्काल युद्धविराम और मानवीय सहायता का आग्रह करते हुए कहा कि दुनिया भर के संघर्ष क्षेत्रों में महिलाएं और लड़कियां पुरुषों द्वारा छेड़े गए युद्धों से सबसे ज्यादा पीड़ित हैं। गाजा की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कथित तौर पर वहां इस्त्रइल की सैन्य कार्रवाइयों के दौरान हताहत दो-तिहाई से अधिक महिलाएं हैं। अफगानिस्तान और सूडान की महिलाओं की स्थिति और पुरुषों द्वारा नियंत्रित एल्गोरिदम जीवन के कई पहलुओं में पैदा होने वाली असमानता पर भी चर्चा की।

गुतरेस ने महिलाओं को सभी स्तरों पर डिजिटल प्रौद्योगिकी में निर्णय लेने की भूमिका मिलने की बात भी की। लैंगिक समानता हासिल करने के लिए संरचनात्मक बाधाओं को खत्म करने और महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं से रोकने पर विशेष जोर दिया। युद्धों और दुनिया भर जारी मार-काट से निपटने का काम महिलाएं बेहतर ढंग से कर सकती हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है।

सारी दुनिया में जारी युद्धों के मूल में पुरुष ही हैं, हालांकि वे युद्धों की बलि भी चढ़ रहे हैं जिसकी परोक्ष और अपरोक्ष तौर पर कीमत स्त्रियां ही चुका रही हैं। परिवारों से बिछड़ने वाले बच्चे दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। युद्धों ने नौजवानों को भी नेस्त-नाबूत कर दिया है।

पीछे छूटी स्त्रियां नन्हें बच्चों को सीने से चिपटाए बेघर भटक रही हैं। बढ़ती वैश्विक हिंसा बच्चों समेत महिलाओं के अधिकारों को रौंदते हुए संक्रमण की तरह बढ़ती ही जा रही है। दुनिया भर के ताकतवर शीर्षाधिकारियों के कानों में जूं रेंगती नहीं नजर आ रही। यह सच है कि जब तक शीर्ष पदों पर और प्रौद्योगिकी पर लैंगिक समानता नहीं होगी, इसी तरह के आक्रामक/विभीषिका भरे निर्णयों से महिलाओं और बच्चों का जीवन खतरों से भरा रहेगा। पीड़ितों के बचाव और सुरक्षित जीवन के लिए जरूरी है कि महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित न रखा जाए।



## प्रदूषण नियंत्रण : संसाधनों की कमी बड़ी बाधा

अनिरुद्ध गौड़

एनजीटी ने पिछले साल अक्टूबर, 2023 में राज्यों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एसपीसीबी) और केंद्रशासित प्रदेशों की प्रदूषण नियंत्रण समितियां (पीसीसी) में पदों पर कर्मियों और संसाधनों की कमी से जुड़ी 24 अक्टूबर, 2023 की एक मीडिया खबर पर स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू की तो ट्रिब्यूनल ने पाया कि प्रदूषण के खिलाफ लड़ने वाली संस्थाएं सीपीसीबी और पीएससी भी कर्मियों के पदों की रिक्तियों और संसाधनों से जूझ रही हैं।

क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क साउथ एशिया के सीनियर एडवाइजर शैलेंद्र यशवंत ने पिछले साल अपनी इस रिपोर्ट में दिल्ली स्थित थिंकटैंक सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च का हवाला देते हुए दावा किया था कि देश में प्रदूषण नियंत्रण करने वाली संस्थाएं मसलन, राज्यों में एसपीसीबी और केंद्रशासित प्रदेशों में पीसीसी के पास कर्मियों की अपर्याप्त स्वीकृत शक्ति, विशेष रूप से तकनीकी पदों की संख्या, उचित प्रशिक्षण का अभाव, प्रदूषण निगरानी और निवारण उपकरणों की कमी, तकनीकी रूप से सक्षम नेतृत्व की अनुपस्थिति, लंबे समय तक प्रवर्तन तंत्र का अभाव, अपर्याप्त धन और प्रभावी खर्च जैसी समस्याएं बनी हुई हैं।

कहा कि भारत में वायु प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में प्रदूषण नियंत्रण बोर्डस और समितियां केंद्र में हैं। दावा किया गया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्डस खस्ताहाल हैं। इन सबके मद्देनजर मुद्दा यह है कि देश में प्रदूषण से कैसे निजात पाई जा सकती है। दरअसल, एनजीटी पिछले साल प्रदूषण के एक मामले की सुनवाई कर रहा था। इसी बीच 24 अक्टूबर, 2023 को जब यह मीडिया रिपोर्ट आई तो एनजीटी ने इस पर स्वतः संज्ञान लेकर मूल आवेदन संख्या 693/2023 में इसे शामिल करके कार्रवाई करते हुए सीपीसीबी और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को नोटिस देकर 23 नवम्बर, 2023 को मीडिया खबर पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए थे।

एनजीटी के आदेशों के अनुपालन में सीपीसीबी की 23 नवम्बर, 2023 को रिपोर्ट मिली तो एनजीटी ने पाया कि मीडिया रिपोर्ट में सीपीसीबी और पीसीसी में अपर्याप्त कर्मियों और संसाधनों संबंधी दावे सही हैं। रिपोर्ट में देखा गया कि कुल 28 राज्यों और 8 केंद्रशासित प्रदेशों में एसपीसीबी और पीसीसी के कर्मियों की



स्थिति के ब्यौरे में 11,969 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 5,877 पद ही भरे हुए हैं जबकि 6,092 पद खाली पड़े हैं। हर साल सर्दियों में वायु प्रदूषण की दिक्कतों का सामना करने वाली दिल्ली पीसीसी में 344 पद स्वीकृत हैं, लेकिन 191 पद ही भरे हैं। उत्तर प्रदेश की एसपीसीसी में 732 स्वीकृत पद हैं, लेकिन 407 पद ही भरे हुए हैं। उत्तराखंड राज्य में 130 पदों की स्वीकृति के सापेक्ष सिर्फ 51 पद ही भरे हुए हैं। आंध्र प्रदेश में हालत बहुत गंभीर है, 289 स्वीकृत पदों के सापेक्ष सिर्फ 87 पद भरे हैं। बिहार में 249 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 202 पद खाली हैं। मध्य प्रदेश में 1228 पदों में 459 पद ही भरे हुए हैं। गुजरात में 831 के सापेक्ष 894 भरे हुए हैं, और 334 खाली हैं। हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, केरल, कर्नाटक, झारखंड, ओडिशा में तो स्वीकृत स्ट्रेंथ से 50 प्रतिशत से भी अधिक पद खाली हैं। अन्य संसाधनों की बात करें तो देश में दो तरह की सेंट्रल और रिजनल एनवायरनमेंटल लैबोरेट्रीज की व्यवस्था हैं। रिपोर्ट्स में पाया गया कि देश की कुल 194 लैबोरेट्रीज में 31 सेंट्रल और 163 रिजनल लैबोरेट्रीज हैं। इन 194 लैबोरेट्रीज में से 41 लैबोरेट्रीज राष्ट्रीय परीक्षण और अंश शोध प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड के तहत एक्रेडेटिड और 12 लैबोरेट्रीज एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन एक्ट द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। यदि इनकी संख्या और बढ़ जाए तो प्रदूषण नियंत्रण को संबल मिलेगा।

इन सब को देखते हुए एनजीटी ने अपने 23 नवम्बर, 2023 को जारी आदेशों में सीपीसीबी की केंद्रीय और रिजनल लैबोरेट्रीज के साथ सभी 28 राज्य और 8 केंद्रशासित प्रदेशों के पर्यावरण एवं वन विभागों को पक्षकार बनाया। इन्हें नोटिस जारी कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए। पूछा कि कर्मचारियों की स्वीकृत संख्या और पदों पर वर्तमान में नियुक्ति, प्रशासनिक, मंत्रालयी और तकनीकी कर्मचारियों का अनुपात, मौजूदा रेग्युलेटिंग और मॉनिटरिंग सुविधा, लैब स्ट्रैंथ इंफ्रास्ट्रक्चर, उपकरणों और हॉटस्पॉट की निगरानी से जुड़ी सुविधाएं क्या हैं।

पिछले दो वित्त वर्षो 2020-21 और 2021-22 के बजट, आय के स्रोत और खर्च का ब्यौरा भी मांगा गया। सीपीसीबी के अलावा करीब 20 एससीपीसी और पीसीसी ने एनजीटी के आदेशों के अनुपालन में रिपोर्ट्स प्रस्तुत की और एनजीटी ने 2 फरवरी, 2024 को सुनवाई की। एनजीटी ने 12 अप्रैल, 2024 में अगली सुनवाई नियत की है। प्रदूषण नियंत्रण के दायित्व के लिए जिम्मेदार संस्थाएं मजबूत होंगी तो निश्चय ही देश में किसी भी तरह के प्रदूषण की समस्या पर नियंत्रण करना आसान होगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)


प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करें
Mob.-:
9303289950
7987166110



# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों को मतदान करने मिलेगी निःशुल्क परिवहन व्यवस्था

**अम्बिकापुर।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रत्येक निर्वाचनों में मतदान दिवस को दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों (80.) आयु वर्ग के मतदाताओं को विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने विस्तृत दिशा निर्देश प्रेषित किये गए हैं। आयोग के उक्त निर्देशों के परिपालन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन किया जाकर उनके द्वारा मांगे जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात वापस उनके आवास स्थल तक छोड़ने के लिए निःशुल्क वाहन व्यवस्था की जाने के निर्देश समस्त कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी किए गए हैं। जारी निर्देशानुसार उपरोक्त कार्य हेतु निर्धारित किये गये वाहन को मतदाता रथ नाम दिया जाएगा। चयनित वाहन पर मतदाता जागरूकता से संबंधित बैनर बनवाकर वाहन पर यथास्थान चस्पा किया जायेगा। दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान दिवस पर दिये जाने वाली निःशुल्क परिवहन व्यवस्था के लिए जिला में पदस्थ उप संचालक, समाज कल्याण विभाग प्रभारी अधिकारी के रूप में नियुक्त होंगे। भारत निर्वाचन आयोग एवं सीईओ कार्यालय छत्तीसगढ़ से प्राप्त निर्देशानुसार दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों हेतु निःशुल्क परिवहन व्यवस्था के प्रचार-प्रसार के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सरगुजा ने संबंधित अधिकारियों को चौक-चौराहों, हाट बाजारों एवं ऐसे स्थानों पर जहां लोगों की आवाजाही अधिकाधिक होती हो, वहां जानकारी दिए जाने, पैंपलेट वितरण किए जाने निर्देशित किया है।

### लोकसभा निर्वाचन : स्वसहायता समूह की महिलाओं ने ग्रामवासियों को मतदान के लिए किया प्रेरित

**राजनांदगांव ।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखण्ड के संकुल संगठन मुसराकला में मतदान जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा हाथों में मेंहदी लगाकर जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान के लिए ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान सभी को मतदाता शपथ दिलाई गई। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशन में जिले में स्वीप अंतर्गत लगातार मतदाता जागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत मतदान तिथि 26 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई है। मतदान जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत बिहान की स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा अपने-अपने ग्राम संगठन एवं संकुल संगठन स्तर पर शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए ग्रामीणों को मतदान हेतु जागरूक किया जा रहा है। संकुल संगठन मुसराकला में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वसहायता समूह की महिलाएं शामिल हुई।

# मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए कल किया जाएगा वृहद मतदाता जागरूकता कार्यक्रम : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा। जिले में निष्पक्ष, एवं शातिपूर्ण चुनाव कराने एवं उचित व्यवस्था करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने समय सीमा बैठक ली। उन्होंने बताया की छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में लोकसभा चुनाव होना है। जिसको लेकर निर्वाचन आयोग तैयारी में जुटा है। कलेक्टोरेट सभा कक्ष में समय सीमा बैठक के दौरान जिलाधीश ने सेक्टर अधिकारियों को अपने-अपने मतदान केन्द्रों का भ्रमण करने के निर्देश दिये है। इसके साथ कलेक्टर ने अधिकारियों को आदर्श आचार सहिंता का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं।**



इस बैठक में उन्होंने मतदान केन्द्रों में फर्नीचर, बिजली व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प, शेड, शौचालय, व्हील चेयर, समेत कई महत्वपूर्ण जानकारियां ली। वहीं निर्वाचन के दौरान जिले में चेकपोस्ट स्थापित किये गये है। इन चेक पोस्ट में मंदिरा के अवैध परिवहन और 50 हजार से अधिक नगद राशि की जांच, निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को दिए जाने वाले प्रलोभन सामग्री की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं चुनाव के चलते निवार्चन कार्य की प्राथमिकता को देखते हुए विशेष परिस्थिति को छोड़कर अवकाश में भी प्रतिबंध लगाए गए है।

उन्होंने निर्वाचन कार्य के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं वाईफाई के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम में विद्युत व्यवस्था एवं जेनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों से शासकीय वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर्मी, पुलिस अधिकारी, सेक्टर ऑफिसर सहित अन्य अधिकारी मतदान कर सकते हैं। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किया गया है। अब मतदान दिवस के कवरेज में शामिल प्राधिकृत पत्रकारों को भी पोस्टल बैलेट (डाक मतपत्र) से वोट डालने की सुविधा प्रदान की जाएगी। आयोग ने गत दिवस अधिसूचना जारी कर आयोग द्वारा प्राधिकृत पत्रकारों के कार्य को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में स्थान देकर यह सुविधा प्रदान की है।

बैठक में जिलाधीश ने 28 मार्च को होने वाले वृहद मतदाता जागरूकता अभियान के संबंध में जानकारी ली और कार्यक्रम के लिए लगाए गए अधिकारियों और कर्मचारियों को उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने आदर्श आचार संहिता को देखते हुए जिले के सभी राजनीतिक पोस्टर बैनर तुरंत हटाने के निर्देश दिये। इसके पश्चात जिलाधीश ने लोकसभा आम निर्वाचन मे लगे अधिकारियों और कर्मचारियों की प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली और आगामी प्रशिक्षण के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने असामयिक हुए ओलावृष्टि से हुए किसानों के फसलों की बीमा राशि समय पर भुगतान करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने धान रखने के लिए चबूतरा फड़ की व्यवस्था करने को कहा। धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव तेज़ी से करने के निर्देश दिये।

धान उठाव के लिए ज़रूरत मुताबिक़ अतिरिक्त परिवहन व्यवस्था और हमाल बढ़ाकर धान उठाव की बात कही। बैठक में उन्होंने बेमेतरा जिले में मतदान प्रतिशत में वृद्धि किए जाने मतदाता जागरूकता हेतु 28 मार्च 2024 को जिला स्तर पर मंडी प्रांगण बेमेतरा में महिला मतदाता जागरूकता पर वृहद् कार्यक्रम आयोजित करने और सफल बनाने सभी को आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा की इसी दिन प्रत्येक नगरीय निकाय एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत तथा नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत के प्रत्येक वार्ड स्तर पर भी एक निश्चित समय दोपहर 12.00 बजे एक साथ वृहद् संख्या में महिला मतदाता शपथ कराया जाना है।

# होली के रंग में रंगा महंत परिवार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा ।कोरबा लोकसभा क्षेत्र के सहज व सरल कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद ज्योत्सना चरणदास के निवास में आयोजित होली मिलन समारोह में कोरबा सहित आसपास के क्षेत्रों से आये लोगों के साथ नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बड़े ही आत्मीयता के साथ रंगो का त्यौहार होली रंग-गुलाल के साथ खेली।**



साथ ही सांसद निवास में फाग गीतों में सहभागिता देते हुए महंत दंपत्ति ने होली मिलन समारोह पर ढोल-नगाड़े और फागुनी गीतों के साथ राधा-रानी की भक्ति के साथ होली मनायी।

इस मौके पर बड़े-बुजुर्ग और बच्चों सहित मोहल्लेवासियों ने भी होली का जमकर लुत्फ उठाया। सांसद ज्योत्सना महंत व नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने कहा कि होली का त्यौहार आपसी भाईचारा और प्रेम के साथ-साथ उमंग का त्यौहार है।

इसे सभी धर्म और जाति के लोग पूरी आत्मीयता के साथ मनाते हैं। होली के दिन ही क्यों नहीं, सभी दिनों में आपसी वैमनष्यता को भुलाकर प्रेम और भाईचारा के साथ सब एक साथ प्रेम के धागे से बंधे रहें। डॉ. महंत व महंत ने होली के इस खास मौके पर पहुंचे सभी अतिथियों का रंग-गुलाल के साथ स्वागत किया।

## स्वीप सहेली घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को कर रहीं जागरूक

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कांकेर।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देश पर और जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज कोयलीबेड़ा विकासखंड अंतर्गत 'स्वीप सहेली' के रूप में कार्य कर रहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन और स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा गांव के विभिन्न पारा-टोला में घूम-घूमकर 'चलो मतदान की ओर' का नारा लगाते हुए सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान के दिन मतदान केंद्र में आकर अनिवार्य रूप से वोट करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही सभी मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

# कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम में व्यवस्था व तैयारियों का लिया जायजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिए गरियाबंद जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में राजिम और बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाये स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।

कलेक्टर अग्रवाल ने विधानसभा वार बनाए गए स्ट्रांग रूमों में जाकर ईव्हीएम मशीनों और मतदान दलों को वितरित की जाने वाली सामग्रियों की व्यवस्था की जानकारी ली।



कलेक्टर अग्रवाल को उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश गोलछा ने अब तक की गई तैयारियों की जानकारी दी और मतदान दलों को सामग्री वितरण तथा वापसी पर सामग्री लेने की व्यवस्थाएं बताई। कलेक्टर ने मतगणना के लिए तय कमरों में भी पहुंचकर वहां किए जा रहे इंतजामों का जायजा लिया।

उन्होंने स्ट्रांगरूम तथा मतगणना स्थल पर सुरक्षा के इंतजामों की जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाए गए है, साथ ही ईव्हीएम कन्ट्रोल रूम, पेयजल, टायलेट, बैरिकेटिंग, शाईनेज, फायर अलार्म, सहित अन्य व्यवस्थाओं के अलावा विधानसभा क्षेत्रों के लिए तैनात टीमों एवं उनके कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम, मंडी परिसर की साफ-सफाई कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये है।

इस अवसर पर एसडीएम गरियाबंद विशाल महाराणा, राजिम अर्पिता पाठक, मैनपुर हितेश पिस्दा, लोक निर्माण के कार्यपालन अभियंता अनुज शर्मा, एनआईसी के उप निदेशक नेहरू निराला सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# आगामी लोकसभा निर्वाचन के कार्यों का सुचारू रूप से करें संचालन : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में आगामी लोकसभा निर्वाचन के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर छिकारा ने कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने सभी कार्यों को सुचारू रूप से संचालन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर लवीना पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मंडावी सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



कलेक्टर ने सभी मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी छाया जैसे आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। इसके साथ ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर प्रशिक्षण व मतदान केंद्रों में आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसएसटी, एफएसटी, वीएसटी की जानकारी ली। इसके अलावा डाक मत पत्र, निर्वाचन प्रशिक्षण, चिकित्सा दल व मेडिकल किट की व्यवस्था, शिकायत शाखा, निर्वाचन व्यय लेखा, कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था, कंप्यूटरीकरण एवं वेब कास्टिंग, स्वीप कार्यक्रम, मीडिया प्रमाणन अनुवीक्षण पेड न्यूज के संबंध में विस्तारपूर्वक नोडल अधिकारियों से जानकारी ली।

कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारियों को उनको दिए गए कार्यों को निरंतर सुचारू रूप के करने तथा रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन के शिकायत प्रणाली के सबंध में सी विजिल एवं प्राप्त शिकायतों का शीघ्रता से निवारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन संबंधी जानकारी का अधिक से अधिक प्रशिक्षण प्रदान करें, ताकि सभी प्रशिक्षणार्थियों को सभी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो सके।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संयुक्त सचिव ने नगरी के सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नगरी।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन , भारत सरकार की संयुक्त सचिव(पॉलिसी) आराधना पटनायक विकासखण्ड नगरी के दौरे पर रहीं। इस दरम्यान उन्होंने सर्वप्रथम सिविल अस्पताल नगरी का दौरा कर प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने पंजीयन कक्ष , प्रसव कक्ष , ओटी, वार्ड , और पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बी पी, शुगर, कैंसर मरीजो की स्क्रीनिंग उपचार और फालोअप के बारे में जाना। उन्होंने , संस्था के ,और कायकल्प सर्टिफिकेशन के लिए प्रशंसा की और मुस्कान कार्यक्रम के सफलता के लिए शुभकामनाएं दी ।उन्होंने शिशु रोग विशेषज्ञ की कमी को लेकर कहा कि दूरस्थ अंचल में शिशु रोग विशेषज्ञ की आवश्यकता है , जबकि यहां प्रत्येक माह प्रसव 90 से 100 है

ओपीडी प्रतिदिन 350 से 400 है, यहां मॉड्यूलर ओटी भी है जहाँ विशेषज्ञ के द्वारा विभिन्न प्रकार के सर्जरी की जा रही है द्य इसी कड़ी में विश्व टी बी दिवस के कार्यकम में शामिल होकर टी बी मरीजो को फूड बास्केट तथा निकश्चय मित्रो को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया द्य विकासखण्ड में भ्रमण के दरम्यान हेल्थ वेलनेस सेंटर गोरेगांव का भी विजिट किया गया तथा उन्होंने मातृत्व शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम और गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम की गतिविधि की समीक्षा किया उच्च जोखिम गर्भवती माताओ के नियमित फ ालोअप को सुदृण करने के निर्देश दिए।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### दो वार्डो में दिखी गंदगी, लगाया गया जुर्माना

**रायपुर।** राजधानी में सफाई को लेकर लगातार निगरानी के बावजूद गड़बड़ी बंद नहीं हो रही है। निगम के अफसरों ने काली माता और पंडित भगवती चरण शुक्ल वार्ड में अचानक निरीक्षण किया।

दोनों वार्डों में गंदगी मिली। जगह-जगह पर कचरा फैला था। जांच करने पर पता चला कि वहां सफाई करने वाले कर्मचारी निर्धारित संख्या से कम थे। अफ सरों ने ठेकेदार के सामने रजिस्टर लेकर एक-एक कर्मचारी की गिनती करवायी। उसमें धांधली सामने आने पर दोनों वार्ड के सफाई ठेकेदारों पर 10- 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके बाद अफसरों ने मालवीय रोड स्थित गुजराती मिष्ठान भंडार की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। दुकान संचालक द्वारा मिष्ठान भंडार से निकलने वाला मलबा सीधे नाली में डाला जा रहा था। वहीं होटल में गंदगी थी। गुजराती मिष्ठान भंडार के ऊपर 7 हजार रुपए जुर्माना लगाया है।

### विकास उपाध्याय ने रायपुरवासियों के साथ मनाई होली



**रायपुर।** होली त्योहार को मनाने रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय अपने अलग अंदाज में दिखे। होली के दिन सुबह से शाम तक उन्होंने दोपहिया वाहन से पूरे शहर में घूम कर आम जनता के साथ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ होली मनाई। इस दौरान विकास उपाध्याय ने लोगो से होली का पर्व प्रेम एवं उल्लास, आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण रूप से मनाने का आग्रह किया साथ ही उन्होंने कहा कि होली हिन्दू नव वर्ष का अंतिम दिन भी होता है। रंगों का उत्सव होली एक सांस्कृतिक और पारंपरिक त्योहार है। समाज से जोड़ने के लिए होली जैसे पर्व महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। विकास उपाध्याय ने बताया होली पर्व खुशियों का आपसी भाइचारे का त्योहार है तो इस अवसर में आम जनता के साथ इस पर्व को मनाने में अलग ही आंनद आता है। रायपुर शहर ने उनको इतना प्यार-स्नेह, कृति प्रदान किया एक जननेता नेता के रूप में स्थापित किया परिवार के सदस्य के जैसे समझा। आज जब उनके बीच त्योहार में जाने का अवसर मिला तो मैं उस अवसर को नही छोड़ता। इसलिए मैं लगातार हर हिन्दू त्यौहारों को अपने शहर की जनता के साथ मिल जुल कर मनाना चाहता हूं।

मुस्लिम समाज ने मसीहिजनों के लिए तैयार किया भोजन, हिंदू भाइयों संग परोसा

# पाम संडेः मसीही समुदाय ने प्रभु यीशु के भजन गाते हुए रैली निकाली

**रायपुर।** पाम संडे पर सेंट पॉल्स कैथेड्रल, सीएनआई रायपुर से प्रातः 10.30 बजे रैली निकली। विशाल रैली में शामिल मसीहीजन प्रभु यीशु की महिमा में भजन गान करते और जय जयकार करते हुए चल रहे थे। रैली सेंट पॉल्स कैथेड्रल से आकाशवाणी तिराहा, ओसीएम चौक, राजीव गांधी चौक (नलघर चौक) छोटापारा होते हुए कोतवाली चौक पहुची इसके बाद कालीबाड़ी चौक, महिला थाना चौक, ओसीएम चौक, आकाशवाणी तिराहा होते हुए वापस सेंट पॉल्स कैथेड्रल पहुँची।



रैली का नेतृत्व छत्तीसगढ़ डायोसिस के बिशप एस.के. नंदा ने किया। मुख्य अतिथि बिशप नंदा के साथ विशेष अतिथि डायसिस के सचिव नितिन लॉरेंस व कोषाध्यक्ष जयदीप रॉबिंसन थे 7 रैली के संयोजक जॉन राजेश पॉल थे। कांग्रेस नेता विकास उपाध्याय भी मसीहिजनों को शुभकामना देने पहुँचे। पास्ट्रेट कोर्ट, पास्ट्रेट कमेटी, संडे स्कूल, महिला सभा, क्वायर, युवा सभा व कलीसिया के सदस्यों ने संयुक्त रूप से रैली का आयोजन किया। महिला सभा की ओर से आराधना के बाद खजूर व पानी का वितरण किया गया। प्रभु यीशु की महिमा में नारे भी लगाते और भजन गाते में बच्चों, रूपिका लॉरेंस, और गायन दल की भूमिका रही रैली प्रारंभ होने के पहले रमेश चौधरी व उनके परिवार की ओर से टोपी का वितरण किया गया। प्रवीण जेम्स की ओर से एम्बुलेंस और मेडिकल किट की व्यवस्था की गई। रैली में शामिल मसीहीजन खजूर की डालियां लेकर व बैच लगाकर पहुंचे थे। पाम सन्डे पर बाइबिल का संदेश चौराहो पर बिशप नंदा, पादरी सुनील कुमार ने दिया। रैली को रूचि धर्मराज, सचिव सेंट पॉल्स कैथेड्रल, किरण सिंह - कोषाध्यक्ष और जॉन राजेश पॉल - पाम संडे रैली कंवींनर ने भी संबोधित किया। चर्चेज को खजूर की डालियों से विशेष तौर पर सजाया गया था।

# अनुज ने गाया फाग, तो विष्णु ने बजाया नगाड़ा

## रायपुर प्रेस क्लब के होली मिलन में सीएम साय ने जमाया रंग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब के होली मिलन समारोह में इस बार छत्तीसगढ़ की संस्कृति के रंग बिखरे। होली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने सभी को रंगों के त्योहार होली की शुभकामनाएं दी और कहा, रायपुर प्रेस क्लब की नयी युवा टीम के इस आयोजन को मैं कभी भूल नहीं पाऊंगा, क्योंकि 60 साल के अपने जीवन में मेरे लिये होली का ऐसा अनुभव बेहद खास है।



होली के मौके पर रायपुर प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को टोपी के साथ सब्जियों की माला पहनाई और कटहल भेंट किया। विधायक अनुज शर्मा के फाग की धुन में मुख्यमंत्री भी रम गए और नंगाड़े पर हाथ आजमाया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम अरुण साव, विधायक अनुज शर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, बीजेपी मीडिया सेल के अध्यक्ष अमित चिमनानी, कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला, सीएम के निज सचिव तुलसी कौशिक समेत बीजेपी-कांग्रेस के प्रवक्तागण और बड़ी संख्या में पत्रकार शामिल हुए।

होली मिलन समारोह के अवसर पर वरिष्ठ पत्रकारों ने आयोजन की सराहना की और याद किया कि काफी सालों पहले ऐसी होली रायपुर प्रेस क्लब में हुआ करती थी। नई युवा और रचनात्मक टीम के आने के बाद फिर वो गरिमामय दौर लौट आया है। इस अवसर पर रायपुर प्रेस क्लब के होली विशेषांक ' सेन्सलेस टाइम्स' का विमोचन किया गया, जिसे उल्टी खोपड़ी के नाम से मशहूर पत्रकार सुधीर आजाद तम्बोली और उनकी टीम ने तैयार किया है, जिसमें अरविंद सोनवानी, गंगेश द्विवेदी, पीसी रथ, अजीत शर्मा, मृगेंद्र पांडेय, प्रमोद साहू, दानिश अनवर, रेणु तिवारी और सागर फरिकार शामिल हैं।

रायपुर प्रेस क्लब के होली मिलन समारोह में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार शामिल हुए। डायरेक्टर सतीश जैन व मनोज वर्मा ने होली की बधाई दी तो लोकगायक सुनील सोनी ने अपनी आवाज के जादू से माहौल रंगीन कर दिया। लोकगायक अनुराग शर्मा ने अपने गीतों से होली का उत्साह दोगुना किया तो पंडवानी गायिका दुर्गा साहू ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान का परिचय दिया। लोकगायिका भूमिका साहू, दीपिका-दीक्षा धनगर और मिथलेश्वरी सेन ने रायपुर प्रेस क्लब की होली में रंग जमाया। रायपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने अपनी कार्यकारिणी के साथ मिलकर होली के आयोजन में सभी का स्वागत किया और रंगों के उत्सव की बधाई दी, महासचिव डॉ वैभव शिव पांडेय ने व्यंग्य बाण दागे। इस दौरान उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी व अरविंद सोनवानी ने भी अतिथियों का स्वागत किया।

# सीएम ने प्रदेशवासियों को दी होली की बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री साय ने कहा, होली का पर्व हमारी गौरवशाली परम्परा, विविधता एवं सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह पर्व आपसी प्रेम, एकता, भाईचारे एवं सद्भाव का संदेश देता है। होली का पर्व अधर्म, असत्य एवं अन्याय से लड़ने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि जीवन की आखिरी सांस कौन सी हो ये पता नही होता इसीलिए द्वेष, वैमनस्य का जीवन में कोई स्थान नहीं होना चाहिए , होली में तो कहा ही जाता है होली के दिन तो दुश्मन भी गले मिलते है। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कामना की कि होलिका दहन के साथ ही प्रदेश की सारी समस्याएँ भस्म हों और छत्तीसगढ़ विकास, सामाजिक न्याय और समरसता के इंद्रधनुषा रंगों से सराबोर हो।
छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने होली के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री साय ने कहा, होली का पर्व हमारी गौरवशाली परम्परा, विविधता एवं सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह पर्व आपसी प्रेम, एकता, भाईचारे एवं सद्भाव का संदेश देता है। होली का पर्व अधर्म, असत्य एवं अन्याय से लड़ने की प्रेरणा देता है।

मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि जीवन की आखिरी सांस कौन सी हो ये पता नहीं होता इसीलिए द्वेष, वैमनस्य का जीवन में कोई स्थान नहीं होना चाहिए। होली में तो कहा ही जाता है होली के दिन तो दुश्मन भी गले मिलते हैं। होलिका दहन के साथ ही प्रदेश की सारी समस्याएं भस्म हों और छत्तीसगढ़ विकास, सामाजिक न्याय और समरसता के इंद्रधनुषा रंगों से सराबोर हो।

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने होली पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए उनके स्वस्थ जीवन की मंगलकामना की है। साव ने कहा कि होली का पावन पर्व हम सभी को भेदभाव भुलाकर आपसी सौहार्द्र एवं सद्भाव के वातावरण को बनाए रखने का संदेश देता है। उमंग और उल्लास का यह पर्व हमारी सांस्कृतिक विविधता में निहित राष्ट्रीय चेतना को और शक्ति प्रदान करे।

# निगम आयुक्त ने जाना शहर का हाल

### पेयजल, सफाई व अन्य बुनियादी सुविधाओं की मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

**रायपुर।** नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर पेयजल, सफाई व अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग व निगम अधिकारियों से कहा है कि मुख्य मार्ग पर बेतरतीब बढ़े वृक्षों की छंटाई के साथ ही मार्ग की व्हाईट मार्किंग करें, जिससे कि आवागमन व्यवस्थित रहें। उन्होंने कहा कि लाभांडी क्षेत्र में वॉटर ए.टी.एम. की सुविधा का विस्तार करें तथा गौरव पथ पर रिक्त भू-खंड में पेवर ब्लॉक व आवश्यकता अनुरूप पेंटिंग कर इसे आकर्षक स्वरूप दें।



आयुक्त मिश्रा ने आज विधानसभा मार्ग, जी.ई. रोड, गौरव पथ का निगम व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ दौरा किया। इस दौरान नगर निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, जोन कमिश्नर संतोष पांडेय, जसदेव बांबरा, उप अभियंता सोहन गुप्ता, श्रीमती अर्जिता दीवान आदि भी साथ थे। भ्रमण के दौरान उन्होंने करबला तालाब, कटोरा तालाब का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा है कि ग्रीष्म ऋतु के पहले ही पेयजल की गुणवत्ता की निरंतर जांच करें एवं जलापूर्ति हेतु बिछाए गए पाइप लाइन का पर्यवेक्षण कर गुणवत्तायुक्त नियमित जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने विगत वर्षों में पीलिया, उल्टी-दस्त की शिकायत वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर नियमित निगरानी के निर्देश दिए है।

60 मरीजों की पुष्टि, स्वास्थ्य विभाग ने लगाया कैंप

# राजधानी रायपुर में तेजी से पैर पसार रहा डायरिया

**रायपुर।** इन दिनों छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में तेजी से डायरिया के मरीज मिल रहे हैं। रायपुर में डायरिया फैलने से 60 लोग बीमार हो गए हैं। जिनमें से 16 गंभीर मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में इन दिनों डायरिया का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। पहली बार यहां 21 मार्च को डायरिया का पहला केस मिला था। उसके बाद से लगातार डायरिया के मरीजों में इजाफा देखने को मिला है। वर्तमान में यहां डायरिया के पीड़ित 60 से भी अधिक हो चुके हैं। वहीं गंभीर रूप से बीमार होने वाले 16 मरीजों को अब तक अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका है। डायरिया को काबू में करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम इलाके में कैंप लगाकर लोगों का इलाज कर रही है। मेडिकल कैंप के जरिए दवाएं और उनके टेस्ट किया जा रहे हैं।



स्वास्थ्य विभाग की माने तो असली वजह गंदा पानी है। जिसके कारण डायरिया के केस में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। वहीं नगर निगम की टीम ने बोर वॉटर की जांच के लिए पानी का सैंपल लैब भेज दिया है।

लाभांडी क्षेत्र में बीते 3 दिनों के भीतर डायरिया की शिकायतें सबसे ज्यादा मिला है। नगर निगम की ओर से लगातार वहां पर टैंकर के माध्यम से पानी की सुविधा पहुंचाई जा रही है। लगातार डायरिया फैलने के मामले और पानी की समस्या को लेकर नगर निगम अपर आयुक्त विनोद कुमार पांडे ने कहा कि यहां के लोगों को शक है कि बोर का पानी खराब होने के वजह से इलाके में डायरिया फैल रहा है। बोर वॉटर के सैंपल को लेकर निगम की टीम ने उसे लैब भेज दिया है। फिलहाल इलाके में नगर निगम का टैंकर वाटर की सप्लाई कर रहा है।

बतादें कि लाभांडी इलाके में सबसे ज्यादा डायरिया के केस मिले हैं। यहां पर प्रधानमंत्री आवास योजना में रहने वाले लोगों को सबसे ज्यादा समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वही नगर निगम की टीम को अब लैब टेस्ट की रिपोर्ट का इंतजार है। टेस्ट आने के बाद ही यह पता चल पाएगा कि आखिरकार बीमारी की असली वजह क्या है। डायरिया के जो 60 मरीज मिले हैं उनमें से 12 मरीज का इलाज रायपुर मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है। वहीं चार मरीजों का इलाज पंडरी स्थित जिला अस्पताल में जारी है। इसके अलावा बाकी के मरीजों को घर पर ही रखकर इलाज की सुविधा दी जा रही है। जिन लोगों का इलाज घर पर चल रहा है उनकी हालत पहले से बेहतर बताई जा रही है। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार कैंप लगाकर उनके ऊपर नजर भी रखी हुई।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















## मोनालिसा ने एक बार फिर अपनी हॉटनेस का बिखेरा जलवा

भोजपुरी स्टार मोनालिसा सोशल मीडिया पर बेहद लोकप्रिय हैं। आए दिन एक्ट्रेस अपने सिजलिंग अवतार से फैंस के दिलों की धड़कन तेज करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर बेहद हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखने के बाद फैंस का दिल धक धक होने लगा है। मोनालिसा ने ब्राउन कलर का सेक्सी क्रॉप टॉप और रेड शॉर्ट पैंट पहना है। बिना मेकअप के खुले बालों के साथ एक्ट्रेस सेक्सी पोज देते दिखाई दे रही हैं। ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा अपनी कातिलाना अदाओं के जलवे फैंस के बीच बिखेरना कभी नहीं भूलती हैं।मोनालिसा के ग्लैमरस अंदाज की तस्वीरें इंटरनेट पर आग की तरह वायरल हो रही हैं।एक्ट्रेस अपनी इन तस्वीरों में कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं।बता दें कि मोनालिसा अब तक 125 भोजपुरी फिल्में कर चुकी हैं और इसके साथ ही हिन्दी, बंगाली, ओडिया, तमिल, कन्नड़ और तेलुगू फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। ये 2016 में बिग बॉस सीजन 10 की प्रतिभागी भी रह चुकी हैं। साथ ही उनके फैंस प्यार की बारिश कर रहे हैं।

## मिर्जापुर सीजन 3 का फर्स्ट लुक आउट

ओटीटी की दुनिया पर राज करने वाले कालीन भैया और गुड्डू पंडित एक बार फिर 'मिर्जापुर 3' के साथ वापसी करने जा रहे हैं। हाल ही में सीरीज का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया गया है। जिसने रिलीज के साथ ही सोशल मीडिया पर आग लगा दी है। पोस्टर के साथ सीरीज की कहानी और रिलीज डेट का भी खुलासा हो गया है।

क्राइम और थ्रिलर से भरपूर वेब सीरीज मिर्जापुर 3 इसी साल ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। सीरीज का पहला पोस्टर भी सामने आ चुका है जो सत्ता की कुर्सी को बयां करता है। इसे देखकर अब फैंस ये जानने के लिए और भी ज्यादा एक्साइटिड हो गए हैं कि आखिर ये कुर्सी किसे मिलने वाली है। फैंस की बेकरारी को देखकर ये तो साफ हो गया कि सीरीज का तीसरा सीजन भी ब्लॉकबस्टर हिट होने वाला है। वहीं बीते दिन अली फजल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इससे जुड़ी एक पोस्ट शेयर की थी। जिसमें वो गुड्डू पंडित बनकर अपनी लाइंस की याद करते हुए दिखाई दिए थे।

# कपड़ों से नहीं निकल रहा होली का रंग

### मिनटों में होगा ये साफ



होली खेलना हर किसी को पसंद होता है। कई लोग पक्के रंग से होली खेलते हैं, तो कई गुलाल से, ऐसे में कपड़ों पर रंग लगना स्वाभाविक है। इसे साफ करने के लिए महिलाएं नए-नए डिटर्जेंट का इस्तेमाल करती है। लेकिन फिर भी कपड़ों से रंग नहीं निकलता है। आप भी अपने कपड़ों पर लगे रंग को आसानी से निकालना चाहते हैं, आज हम आपको कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में बताएंगे।

### करें ये उपाय

होली की खुशियों में कपड़ों के रंग को साफ करना कभी-कभी मुश्किल हो जाता है। लेकिन कुछ टिप्स को अपनाकर आप इसे आसानी से साफ कर सकते हैं।

सबसे पहले आपको शैंपू वाले पानी में रंग लगे कपड़ों को भिगोना है फिर उसमें थोड़ा सा नींबू का रस मिला लें इसे हल्के हाथों से मसाज कर धो लें। इसके अलावा आप गंदे कपड़ों पर व्हाइट वाइनेगर स्प्रे करें और उसे 10 से 15 मिनट के लिए रख दें। एक टप में पानी लें, उसमें थोड़ा बेकिंग सोडा और विनेगर मिला लें, जिसके बाद गंदे कपड़े को 30 से 40 मिनट तक इस पानी में भिगोकर रखें फिर धो लें। कपड़े को अच्छी तरह से धोकर सुखा लें इसके बाद इस पर आयरन करें। इससे दाग धब्बे मिटने लगेंगे। इन सब के अलावा आप लेमन क्लीनर और वाशिंग सोडा का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

### ऐसे करें बचाव

कोशिश करें होली खेलते वक्त आप पुराने या किसी बेकार कपड़ों का इस्तेमाल करें। इसके अलावा कपड़े पर रंग लगने के तुरंत बाद ही इसे धो लें। रंग वाले कपड़ों को बाकी कपड़ों के साथ भूलकर भी ना धोए। ध्यान रहे रंगों को साफ करने के लिए गर्म पानी का उपयोग न करें इससे कपड़े खराब होते हैं। 1 लीटर पानी में एक कप सिरका मिला लें, फिर कपड़े को 30 मिनट तक इसमें भिगोकर रखें जिसके बाद इसको धो लें, ऐसा करने से भी कपड़ों पर लगे गंदे दाग साफ होते हैं। कपड़ों से रंग निकालते वक्त सावधानी रखें, नहीं तो कपड़ों को नुकसान पहुंच सकता है। इन उपायों को करने के बाद भी कपड़े पूरी तरह साफ ना हो, तो आप किसी धोबी या प्रोफेशनल को जा कर दिखाएं।

# सिर्फ गंदगी नहीं, इस वजह से नहीं चबाने चाहिए नाखून!

### हो सकती है मसूड़ों की ये गंभीर बीमारी



अधिकतर लोगों की आदत होती है कि वह खाली बैठे हुए नाखूनों को चबाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं ऐसा करना सेहत पर प्रभाव डालता है। आज हम आपको इस रिपोर्ट में बताएंगे कि कैसे नाखून चबाना सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है। नाखून चबाने से नाखून काट सकते हैं और इससे संक्रमण होने का खतरा भी बढ़ जाता है। नाखून चबाना एक आम समस्या है जो बच्चों से लेकर बड़ों में देखी जाती है, यह एक बहुत बुरी आदत है जो हर किसी को प्रभावित करती है। नाखून चबाने से दांतों का इनेमल घिस जाता है और वह कमजोर पड़ने लगते हैं। नाखून चबाने से नाखून का टुकड़ा पेट में जा सकता है जिससे पेट से संबंधित कई संक्रमण हो सकते हैं। कभी-कभी नाखूनों में मेल भर जाता है, जिससे वह मुंह के जरिए अंदर तक जाता है और बैक्टीरिया फैलने की संभावना बढ़ जाती है।

इसके अलावा नाखून को लगातार चबाने से मसूड़ों में सूजन और खून का खतरा बढ़ जाता है। नाखून चबाना तनाव और चिंता का लक्षण भी हो सकता है इसके साथ ही यह तब होता है जब व्यक्ति शर्मिंदा महसूस करता है। जब हम नाखून चबाते हैं तो इससे हमारे नाखूनों का शेप और साइज बदल जाता है, जिससे नाखून छोटे और खराब दिखने लगते हैं और यह हाथों की सुंदरता को कम कर देता है।

### ऐसे पाएं छुटकारा

नाखून चबाने की आदत अधिकतर लोगों में देखी गई है, जिससे वे कई बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। नाखून चबाने की आदत से छुटकारा पाने के कुछ उपाय।

पहले और सबसे सरल नाखूनों को हमेशा छोटा रखना चाहिए जिससे चबाने की संभावना कम हो जाए। कोशिश करें कि आप अपने हाथों को हमेशा व्यस्त रख सकें यदि आपके हाथ व्यस्त रहेंगे तो आपको नाखून चबाने की याद नहीं आएगी। इसके अलावा नाखूनों पर आप नेल पेंट लगा कर रखें, इससे जब भी आप नाखून चबाने जाएंगे तब आप नेल पेंट की वजह से आप रुक जाएंगे। इन सभी उपाय के बाद भी आपको फायदा नहीं हो रहा है तो एक बार डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

# अदा ने सनफ्लॉवर 2 में भूमिका के लिए डांस बार में बिताई रातें



एक्ट्रेस अदा शर्मा ने सनफ्लॉवर 2 में अपनी भूमिका को लेकर खुलासा किया है। एक्ट्रेस का कहना है कि उन्होंने अपनी भूमिका के लिए एक डांस बार में रातें बिताईं। वह स्क्रीन पर प्रभावकारी दिखना चाहती थीं।


एक्ट्रेस अदा शर्मा ने कहा कि मैं प्रभावकारी दिखना चाहती थी। यह सिर्फ इस बारे में नहीं है कि आप डांस कब कर रहे हैं बल्कि यह इस बारे में है कि आप कैसे बैठते और खड़े होते हैं और परफॉर्मेंस नहीं करने के दौरान आप अपने शरीर के साथ कितने सहज हैं।

एक्ट्रेस ने कहा कि वह कभी-कभी ध्यान देने के लिए डांस बार में सुबह 5 बजे तक रुकती थीं।

एक्ट्रेस ने आगे कहा, वे इतने अच्छे थे कि उन्होंने मुझे बार में रुकने और चीजों को देखने की इजाजत दी। कस्टमर्स से बात करते समय उनके आत्मविश्वास को मैंने देखने की कोशिश की। मैं रात को 9 बजे जाती थी, कभी-कभी सुबह 4 से 5 बजे तक रुकती थी।

वेब सीरीज सनफ्लॉवर सीरीज एक हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों के जीवन पर आधारित है। वे एक हत्या के रहस्य में उलझ जाते हैं। इसमें सुनील ग्रोवर और मुकुल चड्ढा मुख्य भूमिका में हैं।

# करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन की क्रू की एडवांस बुकिंग शुरू



करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'क्रू' की चर्चा इन दिनों हर फिल्म फैन की जुबान पर है। फिल्म का ट्रेलर कुछ दिन पहले आया और लोग इससे काफी इम्प्रेस नजर आ रहे थे। 'क्रू' के गाने भी काफी पॉपुलर हो रहे हैं और अपनी अनोखी कहानी के लिए इस फिल्म को लेकर ऑडियंस में अच्छी खासी एक्साइटमेंट है।

शुक्रवार को रिलीज के लिए तैयार 'क्रू' की एडवांस बुकिंग मंगलवार से शुरू हो चुकी है। रिलीज करीब आने के साथ-साथ फिल्म को लेकर माहौल और दमदार बनेगा। क्या आप अब भी डाउट में हैं कि ये फिल्म थिएटर्स में देखने लायक है या नहीं? तो आइए बताते हैं वो 5 वजहें जो बताती हैं कि क्यों 'क्रू' इस वीकेंड आपके एंटरटेनमेंट का डोज बन सकती है।

### अपने आप में अनोखी फीमेल 'हेराफेरी'

'क्रू' के ट्रेलर से ही आपको पता चल जाएगा कि ये एक एयरलाइन्स के केबिन क्रू में काम करने वाली तीन महिलाओं की कहानी है। कंगाल हो चुकी एयरलाइन्स में काम करने वाली इन तीनों दोस्तों को, अपने मालिकों के एक कांड का पता चलता है और ये भी कमाई के लिए उसमें हिस्सेदार बन बैठती हैं। हिंदी सिनेमा में, अपनी मजबूरी के चलते लूट-ठगी या हेराफेरी करने चले एक ग्रुप के साथ कांड होने और उसके कारण हुई कॉमेडी की कहानियां बहुत हैं। सबसे आइकॉनिक कॉमेडी फिल्मों में से एक 'हेराफेरी' को ही ले लीजिए। मगर एक महिलाओं की टीम के ऐसा करने की कहानियां बिल्कुल नहीं हैं। इस मामले में 'क्रू' एक अनोखी कहानी लेकर आ रही है।

### कॉमेडी का सॉलिड डोज

'क्रू' के डायरेक्टर राजेश कृष्णन हैं जिन्होंने इससे पहले पॉपुलर डिजिटल शो 'टीवीएफ ट्रिपलिंग' डायरेक्ट किया है। उनकी पहली फिल्म कुणाल खेमू स्टारर 'लूटकेस' थी जिसकी कॉमेडी जनता ने काफी पसंद की थी। 'क्रू' के ट्रेलर में कॉमेडी भरी सिचुएशंस भरपूर नजर आ रही है और ये थिएटर्स में आपका टाइम मजेदार बना सकती है।

### मजेदार कास्टिंग

'क्रू' की लीड कास्ट में तीनों एक्ट्रेसेज का अपना-अपना फैनबेस है और उनका अपना एक्टिंग स्टाइल है। जहां कृति सेनन यंग ऑडियंस में काफी पसंद की जाती हैं, वहीं करीना इन दिनों अपने टैलेंट को एक नए तरीके से स्क्रीन पर चमकाने के मिशन पर हैं। और तब्बू तो अपने आप में लेजेंड हैं ही। तीनों के एक्टिंग टैलेंट को अपनी-अपनी जगह काफी सराहा गया है। ट्रेलर में इन तीनों का कॉम्बो जितना यूनीक लग रहा है, उतना ही मजेदार भी।

### दमदार गाने


'क्रू' के गाने जनता में खूब पॉपुलर हो रहे हैं। 'नैना' और 'चोली के पीछे' काफी सुने जा रहे हैं और ट्रेलर में नजर आ रहा था कि फिल्म में इन्हें यूज भी बहुत मजेदार तरीके से किया गया है। थिएटर्स में एक मजेदार एक्सपीरियंस के लिए ड्रामा-कॉमेडी के साथ अगर मजेदार गाने भी हों तो मामला दमदार हो जाता है।

### कास्ट में दो स्पेशल नाम

'क्रू' वैसे तो फीमेल लेडी गैंग की फिल्म है। मगर ट्रेलर में दिलजीत दोसांझ और कपिल शर्मा फिल्म की कहानी में दो मजेदार किरदार निभाते नजर आ रहे हैं। एक कॉमेडी फिल्म के हिसाब से ये दोनों नाम ऐसे हैं कि इनका होना अपने आप में लाफ्टर भरे मोमेंट्स की गारंटी है। 29 मार्च को थिएटर्स में रिलीज होने जा रही 'क्रू' एक सॉलिड कॉमेडी फिल्म नजर आ रही है। फिल्म में एंटरटेनमेंट का सॉलिड डोज नजर आ रहा है जो वीकेंड में जनता को उनके टिकट का दाम वसूल करवा सकता है। अरसे से सीरियस रोल करती नजर आ रहीं करीना और तब्बू जैसी दो बड़ी एक्ट्रेसेज को इस तरह की कहानी में देखना काफी मजेदार होने वाला है।

### इंदिरा कृष्णन, 'एनिमल' में निभाया था सास का रोल

# रामायण में रणबीर की मां बनेंगी माता कौशल्या



नितेश तिवारी की 'रामायण' में एक्ट्रेस इंदिरा कृष्णन राम की मां कौशल्या के रोल में होंगी। 'रामायण' में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में नजर आएंगे और इंदिरा उनकी मां होंगी। इंदिरा कृष्णन ने रणबीर कपूर स्टारर 'एनिमल' में उनकी सास का रोल प्ले किया था।

नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' को लेकर दो बड़े अपडेट सामने आए हैं। जो एक्ट्रेस इस फिल्म में राम की माता कौशल्या का किरदार निभाएंगी, उनका नाम सामने आया है। साथ ही बताया जा रहा है कि 'रामायण' दिवाली 2025 पर रिलीज हो सकती है, और इसे लेकर अप्रैल में ऑफिशियल अनाउंसमेंट की जा सकती है। कहा जा रहा है कि पॉपुलर फिल्म और टीवी एक्ट्रेस इंदिरा कृष्णन 'रामायण' में कौशल्या का किरदार निभाएंगी। फिलहाल इंदिरा कृष्णन टीवी शो 'ध्रुव तारा: समय सदी से परे' में राजमाता दुर्गावती का रोल प्ले कर रही हैं।

बता दें कि फिल्म रामायण में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में नजर आएंगे, जिसके लिए वह अपने हाव-भाव से लेकर ट्रांसफॉर्मेशन पर काम कर रहे हैं। साथ ही वह तीरंदाजी भी सीख रहे हैं। साई पल्लवी सीता के रोल में होंगी, और यश लंकापति रावण का किरदार निभाएंगे। वहीं सनी देओल हनुमान के किरदार में होंगे। वहीं शूर्पणखा के रोल के लिए रकुल प्रीत सिंह के नाम की चर्चा हो रही है। इसी बीच कौशल्या के किरदार के लिए इंदिरा कृष्णन का नाम सामने आया है।

### एनिमल में बनीं सास और अब बनेंगी रणबीर की मां

फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने 'ईटाइम्स टीवी' को बताया कि मेकर्स ने कौशल्या के किरदार को निभाने के लिए अनुभवी एक्ट्रेस इंदिरा कृष्णन को कास्ट किया है, जो भगवान राम की बायोलॉजिकल मां थीं। इंदिरा पिछली बार फिल्म 'एनिमल' में नजर आई थीं, जिसमें रणबीर कपूर लीड रोल में थे। इसमें वह रणबीर की सास और रश्मिका मंदाना की मां के रोल में दिखी थीं।

### रणबीर ने सुझाया था इंदिरा कृष्णन का नाम

सोर्स ने बताया कि 'रामायण' में कौशल्या के किरदार के लिए रणबीर कपूर ने ही इंदिरा कृष्णन का नाम सुझाया था। हालांकि इस बारे में इंदिरा की तरफ से अभी कोई रिएक्शन नहीं आया है। लेकिन इंदिरा ने हाल ही रणबीर कपूर के साथ एक फिल्म के रीडिंग सेशन से सेल्फी शेयर की है। अनुमान लगाया जा रहा है कि यह 'रामायण' के रीडिंग सेशन से है। इस तस्वीर को देख फैंस ने भी कमेंट सेक्शन में पूछना शुरू कर दिया कि क्या वह 'रामायण' में कोई अहम रोल प्ले कर रही हैं।

### तीन पार्ट में बनेगी 'रामायण'!



कुछ समय पहले खबरें आई थीं कि 'रामायण' को तीन पार्ट में बनाया जाएगा, जिसमें से पहला पार्ट सीता के अपहरण पर खत्म होगा, दूसरा पार्ट राम-लक्ष्मण और हनुमान की मुलाकात और राम सेतु निर्म... पर फोकस्ड होगा। जबकि तीसरे पार्ट में राम-रावण का युद्ध दिखाया जाएगा।

# पवन कल्याण की फिल्म ओजी की रिलीज डेट से उठा पर्दा

पवन कल्याण फिल्म ओजी की रिलीज डेट से उठा पर्दा, 27 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज पवन कल्याण ओजी की रिलीज डेट तय हो गई है। सुजीत द्वारा निर्देशित पावर स्टार पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म, वे कॉल हिम ओजी (सिर्फ ओजी), लंबी अनुपस्थिति के बाद फिर से सुर्खियों में आ गई है। अब कुछ ही हिस्से पूरे होने बाकी हैं और फिल्म एक बार फिर दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है।

उत्साह को बढ़ाते हुए, फिल्म ने आधिकारिक तौर पर अपनी रिलीज की तारीख की घोषणा कर दी है - जो प्रशंसकों के लिए एक बहुप्रतीक्षित क्षण है। वे कॉल हिम ओजी 27 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है, जो एक अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव का वादा करता है। फिल्म प्रेमियों के बीच प्रत्याशा और उत्सुकता बढ़ाने के लिए जल्द ही अधिक विवरण के साथ एक आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है। पावर स्टार पवन कल्याण के साथ अभिनय करने वाली प्रतिभाशाली प्रियंका अरुल मोहन हैं, जो एक गतिशील ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री का वादा करते हुए महिला प्रधान भूमिका निभाती हैं। संगीत के क्षेत्र में, प्रशंसित थमन इस विशाल परियोजना के लिए संगीतकार के रूप में कार्यभार संभालते हैं, जो कथा में भव्यता और भावना की एक अतिरिक्त परत जोड़ते हैं। रूह कंपा देने वाले और चार्ट-टॉपिंग साउंडट्रैक देने के अपने सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, थमन वे कॉल हिम ओजी के समग्र सिनेमाई अनुभव को बढ़ाने के लिए तैयार है। जैसे-जैसे रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है, पावर स्टार पवन कल्याण, निर्देशक सुजीत, प्रतिभाशाली कलाकारों और थमन के नेतृत्व में कुशल चालक दल का सहयोग निश्चित रूप से एक सिनेमाई तमाशा तैयार करेगा जो आने वाले वर्षों तक दर्शकों के दिमाग में बना रहेगा। वे कॉल हिम ओजी सिर्फ एक फिल्म नहीं है। यह एक सिनेमाई यात्रा है जो कहानी कहने और मनोरंजन के मानकों को फिर से परिभाषित करने का वादा करती है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243






## खास खबर

### लोकसभा चुनाव बस्तर सीट पर नामांकन का दौर शुरू

**रायपुर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण के निर्वाचन हेतु बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए आज राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के अभ्यर्थी के रूप में कवल सिंह बघेल, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी के रूप में महेशराम कश्यप, बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी के रूप में आयतु राम मंडावी और हमर राज पार्टी के अभ्यर्थी के रूप में नरेन्द्र बुरका ने अपना नामनिर्देशन पत्र जमा किया। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए अब तक कुल पांच अभ्यर्थियों द्वारा कुल सात नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में प्रथम चरण के मतदान अंतर्गत बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। सार्वजनिक अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन दिवसों में प्रात: 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है। प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा 28 मार्च को की जाएगी। उम्मीदवार 30 मार्च तक अपना नामाकंन वापस ले सकेंगे।

### नगर निगम कमिश्नर और एनआईटी के डायरेक्टर के बीच हुई महत्वपूर्ण बैठक

**रायपुर।** नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के निर्देशक एन वी रमन्ना राव और प्राध्यापकों के साथ आज महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में शहरी क्षेत्र में जलभराव, जल निकास व्यवस्था जैसे चुनौतियों को दूर करने में आधुनिक तकनीकों के उपयोग सहित रायपुर शहर योजना के निर्धारण संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई । एन आई टी और रायपुर नगर निगम शहरी विकास को नई दिशा देने मिलकर काम करेगा इसके लिए दोनों के मध्य शीघ्र एम ओ यू निष्पादित होगा । निगम आयुक्त श्री मिश्रा के अनुसार नगरीय क्षेत्र में कचरों के निष्पादन , बारिश के दिनों में जल भराव, समुचित पेयजल की सुलभता जैसे कई विषयों सहित शहर विकास योजना में राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान के विशेषज्ञों की सहायता ली जाएगी। इस संबंध में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में शहर विकास की चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में एन आई टी के डायरेक्टर रमन्ना सहित प्रोफेसर डॉ.आर के त्रिपाठी, डॉ. जी डी रामटेकर, डॉ. समीर बाजपेयी, प्रो. सन्याल सहित नगर निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा , कार्यपालन अभियंता इमरान ख़ान शामिल हुए।

### मतदान जागरूकता के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के दीवार लेखन में नारे बने आकर्षण का केन्द्र

**राजनांदगांव ।** जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं। इसकी एक बानगी ग्रामीण क्षेत्रों के दीवार लेखन में दिखी। जिला पंचायत द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत मतदान के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है और दीवारों पर नारे लिखे जा रहे हैं, ताकि जनसामान्य में मतदान के प्रति रूझान रहे। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशन में लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जनपद सीईओ राजनांदगांव तनुजा मांझी, जनपद सीईओ डोंगरगांव नवीन कुमार, जनपद सीईओ डोंगरगढ़ दिव्या ठाकुर, जनपद सीईओ छुरिया नारायण बंजारा द्वारा स्वीप के तहत वाल राइटिंग के लिए कार्य किया जा रहा है। ऊर्जा एवं उत्साह के साथ टीम द्वारा मतदान के प्रति जनसामान्य में जागरूकता लाने का कार्य किया जा रहा है। वोट करे बर सब ला हे जाना मंडी हो चाहे कन्या शाला, वोट डालबो सब चलो ठाठ से सुरगी हो चाहे रतनभाट से, अंजोरा हो या घुमका वोट डालना है।

# मतदान के लिए फोटोयुक्त दस्तावेज होंगे मान्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा - आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

### 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा - आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

भाजपा प्रत्याशी ने जमा किया पर्चा

## जनता का विश्वास भाजपा के साथ सभी 11 सीटें जीतेंगे - किरण देव



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के बस्तर लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की उपस्थिति में मंगलवार दोपहर में शुभ मुहूर्त पर अपना नामांकन पत्र जमा किया, नामांकन पत्र जमा करने के पहले भाजपा लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप ने मांई श्री दंतेश्वरी देवी के मंदिर में पूजा अर्चना की और वहाँ से नामांकन दाखिल करने सीधे जिला निर्वाचन कार्यालय कलेक्ट्रेट पहुँचे और जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के समक्ष पर्चा जमा किया।

भाजपा लोकसभा प्रत्याशी श्री कश्यप के दाखिल नामांकन में प्रस्तावक पूर्व सांसद दिनेश कश्यप व डा. सुभाऊ कश्यप हैं। नामांकन जमा करने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि बस्तर की जनता के आशीर्वाद से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप विजयी होंगे। जनता का विश्वास भाजपा के साथ है। छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर भाजपा की जीत का परचम लहरा कर केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी, पर्चा दाखिल कर भाजपा लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप ने कहा कि बस्तर की जनता का विश्वास व आशीर्वाद भाजपा के साथ है। बस्तर की उत्तरोत्तर प्रगति व संस्कृति को अक्षुण्ण रखने का संकल्प है। जनता जीत का मार्ग प्रशस्त करेगी।

नामांकन जमा करने के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, डा. सुभाऊ कश्यप, श्रीनिवास राव मद्दी, कमलचंद भंजदेव, अनिल शर्मा,आलोक अवस्थी उपस्थित रहे।

## जेसीआई ने कॉलेज में मनाई होली



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जेसीआई रायपुर मैक यूनाइटेड के सदस्यों ने मैक कॉलेज के कर्मचारियों के साथ होली मनाई। सदस्यों ने उपहार साझा करके और उनके साथ नृत्य करके सभी के चेहरे पर मुस्कान ला दी। रंगारंग उत्सवों पर कर्मचारियों के साथ माहौल खुशी और हंसी से भरा हुआ था। यह सिर्फ रंगों के साथ खेलने के बारे में नहीं था; यह कॉलेज समुदाय के भीतर खुशी फैलाने और संबंध बनाने के बारे में था।

लेकिन जश्न यहीं खत्म नहीं हुआ, सदस्यों ने चितवन वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के साथ एक और जश्न भी मनाया। वे बुजुर्ग लोगों के साथ फूलों की होली खेले, उनके साथ नाचे, और साथ में खूब मस्ती की। इन खुशी के पलों को साझा करते हुए सभी के चेहरों पर मुस्कान देखना दिल को छू लेने वाला था ।ये उत्सव पार्टियों से कहीं अधिक था, वे सदस्य लोगों को एक साथ लाने और खुशी फैलाने के बारे में चाहते थे। फिर वह कॉलेज के कर्मचारियों के साथ नृत्य करना हो या बुजुर्गों के साथ खेल खेलना हो, सदस्यों ने खुशी के पल गुज़ारे और स्थायी यादें बनाईं ।ये क्षण हमें दोस्ती, हंसी और दूसरों की देखभाल के महत्व की याद दिलाते हैं। कुल मिलाकर, यह उत्सव सामाजिक एकता और सहयोग को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर, लोगों ने एक-दूसरे के साथ मिलन का आनंद लिया और एक-दूसरे के साथ खुशियों का अनुभव किया। वे साथ में खेलें और नाच-गाने का आनंद लिया। महाविद्यालय के चेयरमैन राजेश अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. एम.एस. मिश्रा, चैप्टर प्रभारी जे.सी ऋषि पांडे, अध्यक्ष जे.सी फरजान सिद्दीकी और सचिव जे.सी रौनक बेंगानी के मार्गदर्शन में यह उत्सव संपन्न हुआ।

## छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवा के रूप में किया गया अधिसूचित

श्रीकंचनपथ न्यूज



**जांजगीर-चांपा ।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में संयुक्त कलेक्टर ज्ञानेन्द्र ठाकुर एवं उप संचालक योजना सांख्यिकी पायल पांडेय ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में अनिवार्य सेवाओं के रूप में अधिसूचित स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, प्राधिकार प्राप्त मीडियाकर्मी, रेल परिवहन, बीएसएनएल, डाक, भारतीय खाद्य निगम, जिला सेनानी एवं अग्निशमन विभाग के जिला स्तर पर नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान करने के संबंध में जानकारी दी। बैठक में संयुक्त कलेक्टर ज्ञानेन्द्र ठाकुर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनिवार्य सेवाओं के रूप में 10 सेवाओं को अधिसूचित किया गया है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, ऐसे मीडियाकर्मी जिन्हें प्राधिकार पत्र जारी हुआ है, रेल परिवहन, बीएसएनएल, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, दूरदर्शन, ऑल इण्डिया रेडियो, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भारतीय खाद्य निगम को अनिवार्य सेवाओं के रूप में अधिसूचित किया गया है। अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से ऐसे कर्मचारी जो शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान की तिथि को मतदान केन्द्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते हैं, केवल उनके लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत अधिसूचना 12 अप्रैल एवं प्रारूप 12 घ में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2024 है। प्रारूप 12 घ में आवेदन के दौरान संबंधित कर्मचारी का मोबाईल नंबर, वोटर आईडी नंबर एवं निर्वाचक नामावली की भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही दर्ज करना अनिवार्य है। निर्वाचक नामावली में कर्मचारी का अद्यतन भाग संख्या एवं सरल क्रमांक पता करने हेतु वोटर हेल्पलाइन एप का उपयोग किया जा सकता है। जिसमें वोटर आईडी कार्ड नंबर डालकर इसे खोजा जा सकता है। बैठक में संबंधित विभाग के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

प्राधिकार पत्रधारी पत्रकार भी डाक मतपत्र से कर सकेंगे मतदान : भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस लोकसभा निर्वाचन में प्राधिकार पत्रधारी पत्रकारों के लिए डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा दी गई है। प्राधिकार पत्र प्राप्त करने वाले पत्रकार अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करेंगे। आवेदन प्राप्त होने पर उन्हें चिन्हांकित स्थान पर डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा होगी।

## विश्व शांति महायज्ञ के साथ श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में आठ दिवसीय अष्टानिका पर्व के तहत आयोजित सिद्धचक्र महामंडल विधान विश्वशांति महायज्ञ की पूजा का समापन 24 मार्च को हुआ।

ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन नायक एवं मीडिया प्रभारी प्रणीत जैन ने बताया की विधान मंडल के समापन पर रविवार को पाण्डु शिला में आज 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर को विराजमन कर स्वर्ण कलशों से अभिषेक एवं शांतिधारा कर नित्य नियम पूजा की गई। आज की वृहद सुख शांति प्रदाता शांति धारा करने का सौभाग्य मेनेजीग ट्रस्टी नरेंद्र गुरुकृपा ,संजय जैन सतना प्रेमी परिवार, महेंद्र कुमार सनत कुमार चूड़ी वाला परिवार,राकेश जैन राजेश रज्जन जैन परिवार को प्राप्त हुआ।

आज भगवान के 1008 सहस्त्र नाम की वृहद शांति धर्म विधानाचार्य ब्रह्मचारी विजय भईया गुणायतन द्वारा मंत्रोचार के साथ की गई। इसके बाद सम्पूर्ण विश्व में शांति सौहार्द शांति बने रहे इसलिए विश्वशांति महायज्ञ का आयोजन किया गया था जिसमे चौबीस तीर्थंकर कुंड, गौतम गणधर कुंड एवं पंच परमेष्ठी कुंड बनाए गए। हवन कुंडो में अग्नि प्रज्वलित कर ऋषि मंडल, पंच परमेष्ठी, चौबीस तीर्थंकर, विदेह क्षेत्र के बीस तीर्थंकर, चौसठ ऋद्धि मंत्रो की आहुतियां दी गई। हवन कुंड में घी, धूप, कपूर, समिधा, गोला आदि डालकर आहुतियां दी गई। हवन कुंड से निकली सुगंध से बड़ा मंदिर का संपूर्ण जिनालय भक्ति भाव से महक उठा। अंत में ट्रस्ट कमेटी एवं कार्यकारणी सदस्यों द्वारा विधानाचार्य विजय भईया का पूरे भक्ति भाव से आदर पूर्वक सम्मान किया।

इस महा आयोजन में सागर मध्यप्रदेश से आए संगीतकार ओमकार ग्रुप के लता निलेश जैन द्वारा शानदार भक्तिमय संगीत से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर के ट्रस्ट कमेटी एवं कार्यकारिणी नरेंद्र जैन गुरुकृपा मेनेजिग ट्रस्टी,सनत जैन ट्रस्टी,संजय जैन सतना ट्रस्टी प्रभात जैन ट्रस्टी, भरत लाल भोरावत,संजय जैन नायक अध्यक्ष, सहयोग करने वाले समस्त समाज के सदस्य समस्त प्रिंट इलेक्ट्रॉनिक वेब मीडिया का धन्यवाद किया है।

## मीडिया देश की अंतरात्मा का रक्षक बनकर उभरेगा : धनखड़

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका और सामाजिक विमर्श पर इसके प्रभाव को स्वीकार करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक स्वतंत्र और उद्देश्यपूर्ण मीडिया की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि मीडिया देश की अंतरात्मा का रक्षक बनकर उभरेगा। श्री धनखड़ ने कहा कि मीडिया को भारत को समझने के लिए सही दृष्टिकोण बताने वाला बनना चाहिए और छवि खराब करने वाले सुनियोजित आख्यानों का शिकार नहीं बनना चाहिए।

एक बहुलवादी और लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में भारत के समृद्ध इतिहास का उल्लेख करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि नागरिक संशोधन अधिनियम (सीएए) भी भारतीय नागरिक को उसकी नागरिकता से वंचित नहीं करता है। उन्होंने कहा कि सीएए के माध्यम से हाल के कदमों का उद्देश्य किसी भी मौजूदा नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन किए बिना पड़ोस में सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों को राहत प्रदान करना है। श्री धनखड़ ने 'एनडीटीवी इंडिया ऑफ द ईयर अवार्ड्स 2023-24' समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि धर्मनिरपेक्षता, समानता और न्याय के मूल्यों द्वारा निर्देशित सीएए जैसे कदमों के सकारात्मक प्रभाव होगा। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग पड़ोस में सताए गए अल्पसंख्यकों पर मानवाधिकार के दृष्टिकोण से ऐतिहासिक संदर्भ और प्रभाव को पहचानने में विफल रहे। वह देश की अंतरात्मा का रक्षक बनकर उभरेगा। मीडिया के राजनीतिकरण के प्रति आगाह करते हुए, उपराष्ट्रपति ने कहा कि मीडिया एक पंजीकृत मान्यता प्राप्त या गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल नहीं हो सकता है।

### गोवर कंडे, घी, कपूर, हवन सामग्री से हुआ वैदिक होलिका दहन

**राजनांदगांव।** गौ संस्कृति अनुसंधान संस्थान राजनांदगांव के मार्गदर्शन में शिव मंदिर बंगाली चाल बसंतपुर एवं माँ पंचगव्य गौशाला ग्राम लिटिया में वैदिक होलिका दहन का आयोजन किया गया। वैदिक होलिका दहन का आयोजन वैदिक परंपराओं के आधार पर किया गया। जिसमें गोवर कंडे, घी, कपूर, हवन सामग्री सहित अन्य पूजन सामग्री का उपयोग किया गया। संस्थान के सदस्य गव्यसिद्ध डिलेश्वर साहू ने बताया कि होली का त्यौहार सदियों और गर्मियों के मौसम के बीच में आता है, इस दौरान वायरस की संख्या बहुत अधिक होती है। जब होलिका दहन वैदिक परंपरा से मनाई जाती है, तो वातावरण में वायरस को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि होलिका दहन में अज्ञानतावश लोगों द्वारा हरे-भरे वृक्ष, टायर, ट्यूब, प्लास्टिक अन्य का उपयोग किया जाता है, जो अनुचित है।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास - खबर

### 31 मार्च तक टैक्स जमा कर बचे अधिभार से

**भिलाई।** भिलाई निगम क्षेत्र के करदाताओ को बिना अधिभार एवं शस्ति शुल्क के टैक्स पटाने पॉच दिन शेष है करदाता घर बैठे 31 मार्च तक आनलाईन टैक्स का भुगतान कर 1 अप्रैल से लगने वाले 18 प्रतिशत अधिभार तथा राशि एक हजार रूपये शास्ति शुल्क के दण्ड से मुक्त हो सकते है। निगम ने भवन मालिको की सुविधा के लिए हिन्दी में वेबसाईट लांच किया जिसके लिंक https//Chhattishgarhmunicipal.com/nagarnigam/citizen/ में संपत्तिकर बटन पर क्लीक करने पर संपत्तिकर में रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर ओटीपी आयेगा, ओटीपी डालने पर संपत्तिकर का विवरण, डिमांड नोट आदि की जानकारी प्राप्त होगी। भुगतान में क्लीक करने पर विकल्प के रूप में क्रेडिट, डेबिट, नेटबैंकिग, यूपीआई पूछा जायेगा जिस पर क्लीक करने पर भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण होगी। साथ ही वेबसाईट से ही भुगतान की रसीद जनरेट होगी, जिसे भवन मालिक प्रिंटकर सुरक्षित रख सकते है। निगम के मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में भी संपत्तिकर जमा करने के लिए काउन्टर खोले गये है जो अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे। गौरतलब है कि 31 मार्च के पूर्व नागरिक अपने आवासीय, व्यावसायिक भवनों के संपत्तिकर सहित निगम के अन्य देय कर राशि को जमा करके 1 अप्रेल से लगने वाले 18 प्रतिशत अधिभार तथा एक हजार रूपये शस्ति शुल्क की राशि से बच सकते है।

### शहादत दिवस पर भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव का स्मरण, बही देश भक्ति गीतों की बयार

**भिलाई।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शहीद भगत सिंह दुर्गोत्सव समिति कैम्प-1 द्वारा भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेवजी का शहादत दिवस 23 मार्च को भगत सिंह चौक गौरव स्थल पर मनाया गया। इस मौक़े मुख्य अतिथि के रूप में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, शैलेंद्र सिंह, त्रिलोचन सिंह, विजय सिंह, रश्मि सिंह, पुरुषोत्तम देवांगन, विधायक प्रतिनिधि वार्ड-30 अवतार सिंह व सर्वजीत कौर के साथ समिति के अध्यक्ष दिलीप पांडेय, सुनील रजक, प्रशांत जायसवाल, संतोष सिंह, नरेंद्र वर्मा, संदीप यादव, नरेश, संतोष साव, सुशील गुप्ता सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। इस मौक़े पर देश भक्ति संगीत व विशाल भंडारा भी सम्पन्न हुआ।

### दुर्ग के सत्ती चौरा पर गोबर के कंडों से बनी 7 फीट की होलिका जली

**दुर्ग।** दुर्ग शहर के सत्ती चौरा में गोबर के कण्डों, कपूर, लौंग, इलायची एवं सुगंधित धूप से होलिका दहन किया गया। आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ की धार्मिक नगरी दुर्ग के सत्ती चौरा गंजपारा में होलिका दहन पर अपनी ऐतिहासिक परम्परा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी सिर्फगोबर के कंडों से होलिका दहन किया गया। होली के दिन लोग होलिका में लकड़ियों के साथ कई अन्य चीजें भी डाल देते हैं जिससे प्रदूषण फैलता है। लकड़ियां भी अलग अलग तरह की होती है जिसका धुआं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। ऐसे में सत्तीचौरा, दुर्ग शहर में अनूठी पहल के तहत गोबर के कण्डो, कपूर, लौंग, इलायची एवं सुगंधित धूप से होलिका दहन किया गया। आयोजक प्रमुख योगेन्द्र शर्मा बंटी एवं राहुल ने बताया कि सत्ती चौरा दुर्ग में विगत 10 वर्षों से इसी तरह होलिका दहन किया जा रहा है। इस वर्ष गौठान, गौशाला एवं डेयरी से लगभग 4000 नग गोबर के कंडे, 8 किलो कपूर, 500 ग्राम लौंग, 500 ग्राम इलायची एवं सुगंधित धूप, गुड़ एवं नीम के पत्तों से होलिका दहन किया गया। पूरे शहर में घूम घूमकर होलिका दहन समिति के आयोजकों से गोबर के कंडों की होलिका दहन करने की अपील की गई।

# हर्षोल्लास से मनी होली, पूरे जिले में कोई अप्रिय घटना नहीं, विधायक रिकेश सेन ने की प्रशंसा

## पुलिस कप्तान बोले - जनता का पुलिस को मिला भरपूर सहयोग

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। होली को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद सुरक्षा के इंतजाम की वजह से वैशाली नगर विधानसभा में शांतिपूर्ण ढंग से आज रंगों का त्यौहार होली धूमधाम से सेलिब्रेट किया गया। इस दौरान छावनी, सुपेला, जामुल, वैशाली नगर, खुर्सीपार थाना और स्मृति नगर चौकी सहित अतिरिक्त बल की तत्परता शांतिपूर्ण होली संपन्न कराने में सफल रही। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि अब छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव की सरकार है।





जिला कप्तान सहित पुलिस अधिकारियों की कल से लगातार मुस्तैदी और फील्ड में सक्रिय भूमिका का ही परिणाम है कि होली के दिन एक भी अप्रिय घटना नहीं हुई। इस बार शराब के नशे में हुड़दंग करने वालों के आलावा मारपीट सहित अन्य संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त रहने वालों को न सिर्फ कड़े निर्देश थे बल्कि ऐसे आशंकित लोगों को जिला प्रशासन ने होली के पूर्व ही कैद कर लिया था नतीजतन क्षेत्र की शांतिप्रिय जनता का प्रशासन को पूरा सहयोग मिला और शांतिपूर्ण ढंग से शालीनतापूर्वक होली जैसा बड़ा त्यौहार हम सभी ने हर्षोल्लास के साथ मनाया है। इसके लिए जिला व पुलिस प्रशासन को श्री सेन ने साधुवाद दिया है।

आपको बता दें कि जिला प्रशासन के द्वारा सभी थानों को साफतौर पर निर्देश दिया गया था कि होली में लफंगो पर विशेष नजर रखी जाए। सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में होली को लेकर श्रमिक इलाकों कैम्प, राम नगर, छावनी, जामुल में खासा उत्साह देखा गया। चारों तरफ खुशनुमा माहौल कायम था। इस त्यौहार को लेकर बच्चों व नवयुवकों में तो उत्साह था ही बूढ़े लोग भी खासे उत्साहित थे। उन पर भी फागुनहट इस कदर सवार थी कि वे भी रंग में गोता लगाते हुए इस त्यौहार का लुत्फ उठाते रहे। सभी जगह होली शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। होली के अवसर पर रंग में भंग डालने वाले हुड़दंगियों से निपटने के लिए एसपी ने नगर समेत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए थे। आज लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर एवं पारंपरिक होली गीत गाकर एक-दूसरे को रंग से सराबोर जरूर किया मगर इस दौरान नशे में मारपीट जैसी अप्रिय कोई घटना नहीं हुई और रंगो का त्यौहार होली धूमधाम एवं सौहार्दपूर्ण रूप से मना।

होली की सुबह होते ही फेसबुक, वाट्सएप्प, एसएमएस के आलावा सोशल नेटवर्किंग माध्यमों से लोगों ने होली की शुभकामनाएं देते हुए तस्वीरें साझा कीं। नीला, पीला, हरा गुलाबी कच्चा पक्का रंग से महिला, पुरूष, युवा व बच्चे होली के रंग में सराबोर रहे। रंगों से बचने के लिए कोई इधर भाग रहा था तो कोई उधर, परंतु रंग, अबीर और गुलाल से सभी रंगे नजर आए। लोग टोलियां बनाकर एक दूसरे को होली की शुभकामना देते नजर आए। रंगों के इस अनूठे पर्व को मानने में महिलाएं व बच्चियां भी पीछे नहीं दिखीं। लोगों ने खूब जमकर रंग गुलाल उड़ाए। होली गीतों से वातावरण गुंजायमान रहा। वैशालीनगर विधानसभा में होली के दौरान कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों के अतिरिक्त जिले से आए बल को भी चौक चौराहों पर तैनात किया गया था। हिन्दू तथा मुस्लिम भाइयों ने भाईचारे का परिचय देते हुए एक दूसरे को गुलाल के साथ गले भी लगाया। अबकी होली में लोगों ने प्राकृतिक रंगों को ज्यादा स्थान दिया।

वैशाली नगर सहित सम्पूर्ण दुर्ग जिले में होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने को लेकर जिला पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रही। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रो में फिक्स पॉइंट बनाये गये जिसमें करीबन तीन सौ से ज्यादा की संख्या में अतिरिक्त बल को तैनात किया गया था। दुर्ग जिले के शहरी और देहात इलाके में दुर्ग पुलिस के जवान पूरी मुस्तैदी के साथ सुबह से तैनात रहे और संदिग्ध वाहन चालकों पर अपनी निगरानी बनाये रखे हुये थे। होली त्यौहार में हुड़दंगियों पर नकेल कसने के लिए दुर्ग पुलिस ने जिले के विभिन्न चौक- चौराहो फिक्स पॉइंट पर पुलिस जवान तैनात किये थे। जहाँ आने-जाने वाले दुपहिया और चौपहिया वाहनों पर ये जवान अपनी निगाहें जमाए हुये थे। संदिग्ध वाहनों की आशंका पर पुलिस के जवान वाहन चालकों के दस्तावेजों की भी जांच में जुटे रहे। जिले के सभी छोटे बड़े चौक चौराहों पर अमूमन यही स्थिति दिन भर देखने को मिली। एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि होली त्यौहार को लेकर दुर्ग पुलिस द्वारा पूरी तरह से बंदोबस्त किया गया था ताकि आमजन शांतिपूर्ण तरह से होली का त्यौहार मना सकें। जिले की जनता का भी पूरा सहयोग मिला नतीजतन सम्पूर्ण जिला में शांतिपूर्ण ढंग से होली का त्यौहार लोगों ने सेलिब्रेट किया।

# स्वस्थ बच्चों के प्रजनन के लिए सफेद बाघों का विनिमय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र न सिर्फ इस्पात उत्पादन के लिए बल्कि सफेद बाघों के प्रजनन के लिए भी ख्याति प्राप्त है। 21 मार्च 2024 को मैत्री बाग चिड़ियाघर में एक सफेद बाघिन 'जया' को रायपुर के जंगल सफारी, नंदनवन जू से लाकर छोड़ा गया। इन-ब्रीडिंग को रोकने और आउट-ब्रीडिंग के उद्देष्य को ध्यान में रखते हुए भिलाई के मैत्री बाग से एक सफेद बाघिन 'रक्षा' को जंगल सफारी, रायपुर भेजा गया है।

नंदनवन जू, जंगल सफारी, रायपुर से एक सफेद बाघिन 'जया' को लाया गया। 6 वर्ष 5 माह की सफेद बाघिन 'जया' को संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार एवं कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा मैत्रीबाग चिड़ियाघर के इन्क्लोजर में छोड़ा गया। स्वस्थ बच्चों के लिए इन-ब्रीडिंग को रोकने और आउट-ब्रीडिंग के उद्देष्य से इस आपसी विनिमय के तहत मैत्रीबाग चिड़ियाघर से एक सफेद बाघिन को नंदनवन जू, जंगल सफारी, रायपुर भेजा गया। सेन्ट्रल जू अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नियमों के अनुसार यह विनिमय किया गया है।



एक ही परिवार के माता-पिता से पैदा होने वाले बच्चे आगे चलकर अस्वस्थ, विभिन्न बिमारियों और संतान उत्पत्ति कर सकने में कठिनाई होती है। रायपुर के जंगल सफारी की जया भी एक ही परिवार के माता-पिता से उत्पन्न हुई है और उसे दूसरे समूह के नर से संतान उत्पत्ति के लिए लाया गया है। इसी तरह भिलाई में भी 'रक्षा' को रायपुर भेजा गया है। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक जे वाई सपकाले, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक प्रभारी वी के शर्मा, महाप्रबंधक एच शेखर, उप महाप्रबंधक अजय कुमार, उप महाप्रबंधक डॉ एन के जैन, सहायक महाप्रबंधक आर के गर्ग, राज्य शासन से आए हुए चिकित्सक डॉ राकेष वर्मा, डॉ सोनम मिश्रा और भिलाई इस्पात संयंत्र, मैत्री बाग जू के आरिफ खान तथा राजेश कुमार शर्मा, ललित यादव, योगेश कुमार चंद्राकर एवं प्रेम कुमार, जूकीपर-ए के सिन्हा, के नरसैया, मोहन, मोहम्मद मोहर्रम, जितेन्द्र कुमार, सुनील कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# भिलाई इस्पात संयंत्र के ओएचपी बी विभाग में किया गया वृक्षारोपण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ओर हैंडलिंग प्लांट - बी विभाग में विगत दिनों पर्यावरण के संरक्षण हेतु वृक्षारोपण किया गया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक एच के पाठक, महाप्रबंधक एम हुसैन, महाप्रबंधक ए के सिंह और महाप्रबंधक एन जी हलदर सहित प्रमुख अधिकारीगण वृक्षारोपण अभियान में पर्यावरण के प्रति जागरूक करने हेतु एकजुट होकर वृक्षारोपण किया। ओर हैंडलिंग प्लांट बी विभाग द्वारा की गई यह पहल, एन्वार्मेंटल सस्टेनेबिलिटी के प्रति भिलाई बिरादरी की ओर से संगठन की जिम्मेदारी और समर्पण को रेखांकित करती है।

वृक्षारोपण अभियान ओएचपी बी के क्रशिंग प्लांट के करीब, मैरी गो राउंड (एमजीआर) क्षेत्र को हरा-भरा करने के लिए किया गया है। यह स्थान जहां वैगनों को ट्रैक हॉपर में उतारा जाता है, सामग्री प्रबंधन कार्यों में पर्यावरण संरक्षण के एकीकरण पर विशेष जोर देता है। इस पहल का उद्देश्य, इस क्षेत्र को हरा-भरा करके, आसपास की सुंदरता बढ़ाते हुए और पारिस्थितिक विविधता को समर्थन करते हुए, सामग्री प्रबंधन गतिविधियों के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करना है।

# बीएसपी के यूआरएम एवं आरएसएम कर्मचारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिली सराहना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र अपने कर्मचारियों को संयंत्र के संचालन में उनके योगदान हेतु, उनके कार्यक्षेत्र पर किये गए अनुकरणीय प्रदर्शन और असाधारण योगदान को पहचान कर उनका सम्मान करने के लिए उन कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने, उत्कृष्ट कार्यों को बढावा देने, समर्पित प्रयासों को पहचानने और कर्मचारियों को बेहतर प्रयास करने के लिए प्रेरित करने का माहौल बनाने के उद्देश्य से कई प्रयास किये हैं। सयंत्र हमेशा से अपने कर्मचारियों की कर्मनिष्ठा एवं उनके प्रयासों की सरहना करते हुए आ रहा है। संयंत्र के कर्मचारियों को इस तरह के पुरस्कारों से सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य, सुरक्षा के मानक मापदंडों का पालन करते हुए संगठनात्मक उद्देश्यों को पूर्ति करके कार्यस्थल पर उनके द्वारा प्रदर्शित ईमानदार प्रयासों और कडी मेहनत को स्वीकार करना और सम्मान देना है। जिससे अन्य कार्मिकों को भी प्रेरणा मिल सके और वे अपने काम के प्रति लगन से मेहनत करते हुए अपने विभाग एवं संयंत्र को गौरवान्वित कर सके।

ऐसी ही एक पहल में, कर्मचारियों को किसी विशेष कार्य या शिफ्ट के दौरान उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभाग प्रमुख द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक अनीश सेनगुप्ता ने अपने कर्मचारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशंसा पत्र के साथ सम्मानित किया।

इनमें सीनियर ओसीटी सुदामा महिलांगे, ओसीटी मदन गोपाल, तकनीशियन ई चिरंजीवलू, सीनियर ओसीटी इंद्रजीत सिंह, ओसीटी प्रमोद कुमार वर्मा, ओसीटी सुधीर कुमार यादव, ओसीटी नीतेश्वर सिंह धुर्वे और ओसीटी ततिकोंडा श्रीकर शामिल है। श्री सेनगुप्ता ने संबंधित अधिकारियों की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्रों में यह उल्लेख किया कि, मैं आपके द्वारा किए गए अच्छे काम की सराहना करता हूं। मुझे आशा है, कि आप भविष्य में भी अपने ईमानदार प्रयास जारी रखेंगे और दूसरों के बीच उत्कृष्टता की संस्कृति का प्रसार करेंगे। सुदामा प्रसाद महिलांगे, मदन गोपाल तथा ई चिरंजीवलू को टेंडेम यूएफरोल के लिए सुचारू रूप से तेल की आपूर्ति करने हेतु नए रोल पास टैंक को स्थापित करने में उनके योगदान हेतु प्रसंशा पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

इंद्रजीत सिंह, प्रमोद कुमार वर्मा और सुधीर कुमार यादव को एचपीडब्ल्यू-3 के पंप-1 को पंप-2 और 3 के लिए स्टैंडबाय पंप के रूप में उपयोग करने में उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कटिंग प्रक्रिया के दौरान उच्च दबाव वाले पानी की आपूर्ति हेतु एचएस-2 और एचएस-3 के लिए अतिरिक्त स्टैंडबाय के रूप में पंप का उपयोग करने के लिए हाउस में एक नया ब्रिज वाल्व सिस्टम विकसित किया गया। नीतेश्वर सिंह धुर्वे व तातिकोंडा श्रीकर को सेकेंडरी डीस्केलर के दबाव को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त मैन्युअल संचालित वाल्व की स्थापना में सराहनीय योगदान और अथक प्रयासों से रखरखाव लागत को कम करने के लिए इन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अधिकारी व अमला के साथ निरीक्षण कर देखी वार्ड की सफाई व्यवस्था

## सुबह नल खुलने के समय कातुलबोड़ वार्ड पहुंचे आयुक्त, नागरिको ने कहा मिल रहा है पर्याप्त पानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,उपअभियंता मोहित मरकाम के साथ आज प्रातः साफसफाई व्यवस्था वार्ड क्रमांक 10 एवं 9 का भ्रमण किया।वार्डों व बाजार में साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर आयुक्त द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

बुधवार को आयुक्त चन्द्राकर ने शंकर नगर व गिरधारी नगर वार्ड 10 व 9 में होने वाली सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान वे वार्ड नंबर 60 में भी पहुंचे।

जहाँ नल खुलने के दौरान पेयजल समस्या के संबंध में प्राप्त शिकायत के दौरान भ्रमण किया गया।उन्होंने निरीक्षण के दौरान लोगो को पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना बतलाया गया। इस अवसर पर आयुक्त ने नागरिकों से जानकारी में पूछा गया।



नागरिको ने कहा मिल रहा है पर्याप्त पानी।उल्लेखनीय है कि वार्ड में पानी की निकासी के लिए निर्मित नालियों की सफाई के साथ-साथ अंदरूनी मार्ग तथा आवागमन के लिए उपयोग होने वाले मार्गों पर नियमित सफाई करने के निर्देश निगम आयुक्त ने दिया । इसके अलावा मुख्य सड़क मार्ग के दोनों तरफ किसी भी प्रकार की गंदगी अथवा मिट्टी का ढेर जमा नहीं होने देने की चेतावनी दी है। सुबह निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने नाला व नालियों का निरीक्षण कर सुपर वाइजर को निर्देश देते हुए कहा कि नाला के आस पास दुकानों व घर वालो को जाकर चेताये कि नालों में दुकान का झिल्ली पन्नी एवं अन्य कचरा न डाले।उन्होंने सफाई सुपरवाइजरों को यह भी निर्देश दिए गए कि अपने तैनाती वार्ड के घरों के लोगों से सघन संपर्क करते हुए की गीला कूड़ा/ सूखा कूड़ा अलग-अलग करके ही कूड़ा दें।

जिससे सही प्रकार से निस्तारित किया जा सके।साथ ही आयुक्त द्वारा यह भी निर्देश दिए गए कि किसी भी स्थान पर कूड़ा एकत्रित हो तो उसे तत्काल संबंधित कर्मी को सूचित करते हुए कूड़ा उठान कर लिया जाए।यदि किसी भी घरों के द्वारा इधर-उधर मार्गो गलियों में कूड़ा फेंका जाता है तो इसकी सूचना स्वास्थ्य अधिकारी को दें एवं उनके माध्यम से उन्हें जागृत करते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

# ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में होली

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। रंगो का पर्व होली पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय दुर्ग के राजऋषि भवन केलाबाड़ी व आनंद सरोवर बघेरा में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । होली पर्व के अध्यात्मिक रहस्य को स्पष्ट करते हुए रीटा बहन संचालिका (ब्रह्माकुमारीज दुर्ग) ने बताया कि जब हम प्रतिपल परमात्म संग का अनुभव करते हैं तो परमात्मा के गुण पवित्रता, सुख, शान्ति, आनंद, प्रेम का जीवन में संचार होने लगता है ।



होली की विशेषता है जलाना, फिर मनाना और फिर मंगल मिलन करना। इन तीन विशेषताओं से यादगार बना हुआ है। क्योंकि पवित्र बनने के लिए पहले पुराने संस्कार, पुरानी स्मृतियाँ सभी को परमात्मा के याद की अग्नि मे जलायेंगे तभी परमात्मा के संग का रंग लगेगा जब परमात्मा के संग का रंग लग जाता है तब हर मनुष्य आत्मा परमात्मा की संतान लगती है व विश्व की सर्व आत्माओं से परमात्म परिवार की महसूसता होने लगती है। परमात्म परिवार होने के कारण हर आत्मा के प्रति शुभ कामना स्वतः ही स्वभाविक संस्कार बन जाती है।

इस अवसर पर आत्म स्मृति स्वरूप सभी को गुलाल का तिलक लगाया गया व रंगों के स्थान पर पुष्पों की वर्षा की गयी व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें कुमारी युक्ति, जागृति, चंद्राणी, मौसमी, रुचिका के द्वारा राधा-कृष्ण संग गोपियों के रास की मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति ने उपस्थित सभाजनों को भाव विभोर कर दिया।

इस पर्व को मनाने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान सेजुड़े हुए एवं अनेक स्थानों से तथा सूदूर ग्रामीण अंचलों से काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए मंच संचालन रुपाली बहन व चैतन्य प्रभा बहन ने किया ।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950